संपादक : दिलीप नानजीभाई पटेल ❖ उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा ❖ वर्ष-04 ❖ अंक-08 ❖ मुंबई ❖ रविवार 12 से 18 फरवरी 2023 ❖ पृष्ठ-8 ₹4/-

RNI No. MAHHIN/2020/78591
Postal Reg. No. MNW/354/2021-2023

MUMBAI TARANG

# मुंबई तरंग

www.mumbaitarang.com



पेज 3 महाराष्ट्र में कब पेश होगा बजट?



पेज 5 बिहार: दो शीर्ष पुलिस अधिकारियों के बीच मनमुटाव का नितीश ने लिया संज्ञान



पेज 7 अपनी जर्नी का वीडियो देख इमोशनल हुईं प्रियंका



पेज 8 बजट में एमएसएमई को एवं छोटे कारोबारियों को मिली सौगात



## एक नजर

### जेलेंस्की ने ईयू के शिखर सम्मेलन में भाग लिया



**ब्रसेल्स।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बृहस्पतिवार को यूरोपीय संघ (ईयू) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद यूक्रेन लौट गए। सम्मेलन के दौरान यूरोपीय संघ के देशों ने जेलेंस्की को रूस के साथ जारी युद्ध में मजबूती के लिए और अधिक सैन्य सहायता देने का आश्वासन दिया। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति को फ्रांस के सर्वोच्च सम्मान पदक से भी नवाजा गया। जेलेंस्की बृहस्पतिवार को ब्रसेल्स स्थित ईयू संसद पहुंचे। 27 सदस्य देशों वाले यूरोपीय संघ ने राष्ट्रपति जेलेंस्की को रूस के साथ जारी युद्ध में मजबूती के साथ अपना समर्थन जारी रखने का आश्वासन दिया। रूस ने पिछले साल 24 फरवरी को यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की शुरुआत की थी। शिखर सम्मेलन के मसौदा निष्कर्ष में कहा गया, यूरोपीय संघ यूक्रेन के साथ तब तक खड़ा रहेगा, जब तक उसे जरूरत है।

### महिला, बच्चे 'अफवाह' के बाद काबुल हवाईअड्डे पहुंचे

**इस्लामाबाद।** तुर्की भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए उड़ानें रवाना होने की अफवाह फैलने के बाद सैंकड़ों की संख्या में अफगान महिलाएं और बच्चे अफगानिस्तान की राजधानी काबुल स्थित हवाईअड्डे पहुंच गए। बुधवार को सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में सैकड़ों लोग अंधेरे और ठंड में हवाईअड्डे की तरफ पैदल जाते नजर आ रहे हैं। इस दृश्य ने अगस्त 2021 की याद ताजा कर दी जब देश में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद हजारों लोग हवाई मार्ग से देश से बाहर निकलने के प्रयास में हवाईअड्डे पहुंच गए थे। काबूल निवासी अब्दुल गफार (26) ने कहा, मैंने सुना है कि तुर्की को मदद के लिए लोगों की जरूरत है, इसलिए मैंने सोचा कि मैं वहां जाकर जरूरतमंद लोगों की मदद करू। यह मेरे लिए देश से बाहर निकलने का अवसर भी हो सकता है। उन्होंने बताया, उसने ठंड के बीच हवाईअड्डे के पास तीन घंटे तक इंतजार किया, जब तालिबान बलों ने बताया कि तुर्की के लिए ऐसी कोई उड़ान नहीं है, तो वे वापस घर आ गए। काबूल पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता खालिद जादरां ने बताया, काबूल से ऐसी कोई उड़ान नहीं है।

## 'भारत के औपनिवेशिक आकाओं ने हमें संविधान नहीं दिया', नागपुर में बोले चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़



भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को भारतीय संविधान को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। नागपुर में महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पहले दीक्षांत समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि संविधान स्व-शासन, गरिमा और स्वतंत्रता का एक उल्लेखनीय घरेलू उत्पाद है। संविधान की व्याख्या कई लोग जहां प्रशंसात्मक शब्दों में करते हैं, वहीं कई अन्य इसकी सफलता के बारे में निंदक हैं।
भारत के औपनिवेशिक आकाओं ने हमें संविधान नहीं दिया चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत के औपनिवेशिक आकाओं ने हमें संविधान नहीं दिया बल्कि देश की स्थिति समझने वाले लोगों ने इसका निर्मा णकिया। चीफ जस्टिस ने कहा कि संविधान ने जबरदस्त प्रगति की है लेकिन अभी भी बहुत काम पूरा करने की जरूरत है और अतीत में मौजूद गहरी असमानता आज भी बनी हुई है जिसे हमें दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि कानून के युवा छात्रों और स्नातकों को संवैधानिक मूल्यों द्वारा निर्देशित किया जाता है तो वे असफल नहीं होंगे। चीफ जस्टिस ने प्रस्तावना का किया उल्लेख प्रस्तावना का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि प्रस्तावना संविधान का एक छोटा हिस्सा जरूर है लेकिन यह एक वजनदार हिस्सा है।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने दो वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

मुंबई: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार दोपहर मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस रेलवे स्टेशन दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। लोकार्पण के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें अब तक भारत के 108 जिलों को जोड़ चुकी हैं। वहीं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाराष्ट्र को पहले के मुकाबले औसतन 12 गुना बजट आवंटित किया गया है। इस मौके पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री नारायण राणे, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, केंद्रीय मंत्री कपिल पाटील, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समेत अन्य मंत्री गण मौजूद थे। महाराष्ट्र को दो वंदे भारत ट्रेन की सौगात देने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने



प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। आइये जानते है इस ट्रेन के पूरे रूट और कनेक्टिविटी के बारे में। आपको यह भी बताएंगे कि इस ट्रेन से किन-किन जिलों को फायदा होगा। यह देश की नौवीं वंदे भारत ट्रेन होगी जो छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और सोलापुर के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाएगी। वंदे भारत ट्रेन देश की आर्थिक राजधानी मुंबई और महाराष्ट्र में कपड़ा बनाने के शहर सोलापुर से जोड़ेगी। इस ट्रेन के जरिये सोलापुर में सिद्धेश्वर, अक्कलकोट, तुलजापुर, सोलापुर के पास पंढरपुर और पुणे के पास आलंदी जैसे तीर्थस्थल की भी कनेक्टिविटी बढ़ेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार को छोड़कर रोजाना 06.05 बजे सोलापुर से रवाना होगी और उसी दिन 12.35 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में, वंदे भारत ट्रेन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से बुधवार को छोड़कर प्रतिदिन 16.05 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 22.40 बजे सोलापुर पहुंचेगी। यह दादर, कल्याण, पुणे और कुर्दुवाडी में रुकेगी। मुंबई-सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 6 घंटे 30 मिनट में 455 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जबकि मौजूदा सुपरफास्ट ट्रेन 7 घंटे 55 मिनट में यात्रा तय करती है। अपने रास्ते में यह ट्रेन उसी दिन भोर घाट यानी लोनावला-खंडाला घाट खंड पर चढ़ेगी और उतरेगी, जिसमें वन इन 37 ग्रेडिएंट है। यह देश की 10वीं वंदे भारत ट्रेन होगी जो छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और साईनगर शिरडी के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाएगी।

## रत्नागिरी : संजय राउत ने की पत्रकार वारिशे मामले में निष्पक्ष जांच की मांग





मुंबई, महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने शनिवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर रत्नागिरी के पत्रकार शशिकांत वारिशे की हत्या में निष्पक्ष जांच की मांग की। राउत ने अपने पत्र को ट्विटर पर भी सार्व जनिक किया, जिसमें उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की और अनुरोध किया कि उपमुख्यमंत्री खुद इस मामले की जांच की निगरानी करें। 48 वर्षीय वारिशे एक मराठी अखबार में काम करते थें। गत सोमवार, रत्नागिरि जिले के राजापुर में एक पेट्रोल पंप के पास वारिशे की मोटरसाइकिल को एक एसयूवी कार ने टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए और अगले दिन अस्पताल में उनकी मौत हो गई। आरोप है कि उस एसयूवी को पंढरीनाथ अंबरकर चला रहे थे।
उनकी मृत्यु के बाद मराठी पत्रकार परिषद सहित अन्य संगठनों ने पूरे राज्य में आंदोलन किया और अंबरकर के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इस बीच रत्नागिरि जिला प्रशासन ने अंबरकर के खिलाफ पत्रकार पर हमला-विरोधी अधिनियम की धारा चार के अंतर्गत मामला दर्ज किया और उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया।
रत्नागिरी के नानार में रत्नागिरी रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल परियोजना का निर्मा ण लंबे समय से एक राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है।

## सूरत में महसूस किए गए भूकंप के झटके, समुद्र में था केंद्र




गुजरात के सूरत में शुक्रवार देर रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इंस्टीट्यट्र ऑफ सीस्मोलॉजिकल रिसर्च (आईएसआर) के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.8 दर्ज की गई, जिस वजह से झटके काफी कमजोर थे। हालांकि, तुर्की में हाल ही में भूकंप से हुई तबाही को देखते हुए भारत में अब छोटे झटकों पर भी अलर्ट रहने की जरूरत बताई गई है। आईएसआर के मुताबिक, सूरत में देर रात 12.52 पर रिकॉर्ड किए गए इन झटकों का केंद्र शहर से 27 किमी दूर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में समुद्र में था। इनसे किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। गौरतलब है कि गुजरात में इससे पहले कई खतरनाक भूकंप रिकॉर्ड हो चुके हैं। इनमें 1819, 1845, 1847, 1848, 1864, 1903, 1938, 1956 और 2001 में आए भूकंप को सबसे खतरनाक कहा जाता है।

## नरेन्द्र मोदी बेंगलुरु में 14वें एयरो इंडिया का करेंगे उद्घाटन

बेंगलुरु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 फरवरी को बेंगलुरु में स्थित येलहंका वायुसेना स्टेशन पर 'एयरो इंडिया 2023'प्रदर्शनी के 14वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। मोदी सुबह करीब 9:30 बजे इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे और इसकी थीम 'द रनवे टू ए बिलियन अपॉर्चुनिटीज' है।
प्रधानमंत्री के "मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड" के दृष्टिकोण के अनुरूप, इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वदेशी उपकरण और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने और विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी करने पर जोर दिया जाएगा। मोदी के भारतीय रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर को भी प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा।



यह आयोजन डिजाइन नेतृत्व में देश की प्रगति, यूएवी क्षेत्र में वृद्धि, रक्षा क्षेत्र और भविष्य की प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करेगा।
इसके अलावा, यह आयोजन हल्के युद्धक विमान (एलसीए)-तेजस, एचटीटी-40, डोर्नियर लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर (एलयूएच), हल्के युद्धक हेलिकॉप्टर (LCH) और उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर (एएलएच) जैसे स्वदेशी हवाई प्लेटफार्मों के निर्यात को बढ़ावा देगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से वैश्विक आपूर्ति के साथ ही घरेलू एमएसएमई और स्टार्टअप को एकीकृत करने में भी मदद करेगा।
इसके अलावा, सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए साझेदारी सहित विदेशी निवेश को आकर्षित करेगा।

## क्या उद्धव इतने कमजोर थे कि मेरे बिना सरकार नहीं बचा सकते? संजय राउत के बहाने नाना पटोले का ठाकरे पर हमला



मुंबईः महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत पर निशाना साधा है। हालांकि, जिस तरह का बयान नाना पटोले ने दिया है। उससे यह साफ जाहिर होता है कि उनका निशाना तो उद्धव ठाकरे हैं। संजय राउत तो मात्र जरिया हैं। नाना पटोले ने कहा कि मुझपर पर आरोप लगाने वाले कह रहे हैं कि मेरे इस्तीफा देने की वजह से महाविकास अघाड़ी सरकार का पतन हुआ। क्या कुर्सी पर बैठे वह लोग इतने कमजोर थे या उनकी पार्टी इतनी कमजोर थी कि मेरे इस्तीफा देने के बाद वह सरकार संभाल न सकें? नाना पटोले ने किसी का नाम तो नहीं लिया लेकिन इशारों ही इशारों में उन्होंने सब कुछ कह दिया। दरअसल उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के मुखपत्र सामना में नाना पटोले को महाविकास अघाड़ी सरकार गिरने की एक बड़ी वजह बताया गया था। जिस पर नाना पटोले बुरी तरह से भड़के हुए हैं। सामना संपादकीय में लिखा था कि नाना पटोले और बाला साहेब थोरात के बीच विवाद चल रहा है। जो कांग्रेस पार्टी के लिए ठीक नहीं है। बालासाहेब थोरात कांग्रेस के ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता हैं। ऐसे में उनका सम्मान किया जाना जरूरी है। बालासाहेब थोरात ने आरोप लगाया था कि उन्हें और उनके परिवार को बदनाम किया जा रहा है। इस काम के पीछे नाना पटोले हैं। सामना संपादकीय में क्या?
शिवसेना के मुखपत्र सामना में लिखा गया है कि अगर नाना पटोले तत्कालीन महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान विधानसभा स्पीकर पद से इस्तीफा न दिया होता तो आज हालात कुछ अलग होते। शायद सरकार गिरने की नौबत भी न आती। नाना पटोले का एक अपरिपक्व और जल्दबाजी में लिया गया फैसला, ठाकरे सरकार के गिरने की एक अहम वजह बना है। संजय राउत के इस आरोप पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृहमंत्री दिलीप वलसे पाटील ने भी अपना समर्थन जताया है। कहां हुई थी गड़बड़ सामना संपादकीय में संजय राउत ने लिखा था कि अगर विधानसभा अध्यक्ष के पद पर नाना पटोले रहते तो महाविकास अघाड़ी सरकार आज भी सत्ता पर काबिज रहती। उन्होंने कहा कि राज्यपाल और विरोधी दल सरकार को गिराने की कोशिशों में जुटे हुए थे। इसके लिए उन्होंने साजिश भी रची थी। पटोले इस्तीफे के बाद विपक्षी दलों का काम और भी आसान हो गया था। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि पटोले के इस्तीफे के बाद राज्यपाल ने महाराष्ट्र में दोबारा कभी विधानसभा अध्यक्ष पद का चुनाव होने ही नहीं दिया। अगर पटोले स्पीकर पद पर बने रहते तो महाविकास सरकार कभी नहीं गिरती।


## 'योग ने मुझे मानसिक और शारीरिक पीड़ा से बाहर निकाला', ओडिशा में बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय ओडिशा दौरे पर शुक्रवार को भुवनेश्वर पहुंचीं, इस दौरान वह लिंगराज मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद राम देवी महिला विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इसके बाद वह धर्मा र्थ संगठन, ज्ञानप्रभा मिशन के स्थापना दिवस समारोह में भी शामिल हुईं जहां उन्होंने अपना संबोधन दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने योग को महत्व को बताया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि जब वह मानसिक और शारीरिक पीड़ा में थीं तब योग ने उनकी मदद की थी, जबकि इसके नियमित अभ्यास से लोगों को जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। मैं आज यहां आपके सामने खड़ी हूं और आपसे सिर्फ योग के कारण बात कर रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने का मंत्र है।

## वेलेंटाइन डे पर भारत के 32 प्रदेशो के विभिन्न परिधानो के रंग बिखरने वाली सांस्कृतिक फेशन स्पर्धा मुंबई में : रिशी अजयदासजी

### आई लव माय इंडिया : हमारा गौरव हमारा देश हमारा प्रदेश





मुंबई : १४ फरवरी २०२३ को वेलेंटाइन डे के अवसर पर खनक चित्रा एंटरटेनमेंट के द्वारा मुंबई मे भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए भारत के सभी प्रदेशो के स्थानीय सांस्कृतिक परिधानों की एक मंच पर प्रस्तुति हेतु मिस एंड मिसिस ऑल इंडिया फैशन कॉन्टेस्ट आई लव माय इंडिया का रंगारंग कार्यक्रम मुंबई में रखा गया है ऐसा हमारा गौरव हमारा देश हमारा प्रदेश कार्यक्रम के डायरेक्टर सुरेश शर्मा जीने कहा है। हमारा गौरव हमारा देश हमारा प्रदेश नामक इस अनोखे कार्यक्रम के जज में विभिन्न क्षेत्र की प्रसिध्द हस्तियां सुप्रिया कार्णिक, शीना बजाज, वैष्णवी मैकडोनाल्ड, मेजर सोनिया, सिमरन आहूजा, परी शर्मा है ऐसा कार्यक्रम के डायरेक्टर अर्चना दास जी ने कहा है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिध्द ममतामई राधे मां है। सम्मानीय अतिथिगण में संस्कृति मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, जलगांव के विधायक सुरेश भोले साहेब, बोरीवली के विधानसभ्य मनीषा चौधरी,vhp के शिराज नायर,बीजेपी के वसई अध्यक्ष उत्तम कुमार नायर, राजपल्ली ट्रस्ट के डिरेक्टर नित्यानंद तिवारी का समावेश होता है ऐसा समग्र कार्यक्रम के प्रेरणा स्त्रोत रिशी अजयदास जी ने कहते हुए बताया कि ये अखिल भारतीय मिस एंड मिशिस फैशन कॉन्टेस्ट 2023 पूरी तरह से भारतीय संस्कृति की प्रस्तुति है। जिसमें देश के सभी प्रदेशो से आए प्रतिभागी अपने अपने प्रदेशो के विशेष वेश भूषा को पहनकर १४ फरवरी को मंच पर जलवे बिखेरेगी, भारतीय संस्कृति की विभिन्न वेशभूषा के द्वारा देश की अनेकता को एकता में समेटेगी। एक ओर जहां १४ फ़रवरी को वेलेंटाइन डे के नाम पर हमारी संस्कृति को मिटानेवाले अश्लील परिधान पहने जाते है, दूसरी ओर यह प्रतियोगिता भारतीय संस्कृति को पुनः स्थापित करने की दिशामे कार्य करेगी। यह अनोखा फेशन शो १४ फरवरी को शाम ७ से दस बजे के बीच रुइया स्टूडियो, बगीचा रेस्टोरेंट कॉम्प्लेक्स के अंदर, मालवणी फायर ब्रिगेड के बाद, ऑल इंडिया रेडियो के करीब, लोटस तालाव के पास, मार्वे रोड, मलाड वेस्ट में है। ज्यादा जानकारी के लिए मो.नं. 6265161603 या 9399450594 पे संपर्क करें ।इस कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्वलन के बाद भारत माता का मंच पर प्रवेश होगा। प्रदेशो की सांस्कृतिक संगीतमय झलक होगी। फैशन शो के बाद विजेताओकी ताजपोशी तथा प्रतिभागियों का गौरवपूर्ण सम्मान होगा। अंत में ममतामई राधे मां के आशीर्व चनहोंगे।

# इसरो की कामयाबी



भारत की स्पेस एजेंसी इसरो ने अपने सबसे छोटे रॉकेट SSLV-D2 को शुक्रवार सुबह अंतरिक्ष में भेजकर सफलता की नई उड़ान भरी। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से SSLV-D2 अपने साथ तीन सैटलाइट भी लेकर गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी ISRO ने शुक्रवार की सुबह SSLV-D2 का सफल प्रक्षेपण करते हुए तीन उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में पहुंचाए। उसकी यह कामयाबी कई वजहों से अहम है। पहली, कोरोना महामारी के चलते बार-बार टलने के बाद इसे लॉन्च करने का पिछले अगस्त में हुआ इसरो का प्रयास इस मायने में नाकाम हो गया कि यह उपग्रहों को उस ऑर्बिट में नहीं रख पाया, जहां रखना था। उस नाकामी ने स्वाभाविक ही इस सफलता की मिठास बढ़ा दी है। दूसरी बात यह कि जो तीन सैटलाइट भेजे गए हैं, उनमें से एक, आजादीसैट 2 का निर्माण स्पेसकिड्ज इंडिया के मार्गदर्शन में देश के विभिन्न हिस्सों की 750 छात्राओं ने किया है। एयरोस्पेस स्टार्टअप स्पेसकिड्ज़ इंडिया का मकसद इस प्रॉजेक्ट के जरिए बच्चों में स्पेस को लेकर दिलचस्पी पैदा करना था, जिसका फायदा आने वाले दशकों में दिख सकता है। खास बात यह कि स्पेसकिड्ज़ ने इस सैटलाइट को एक्सपैंडेबल बनाया है। ऑर्बिट में पहुंचने के बाद इसका बाहरी फ्रेम खुल जाएगा और यह पहले के मुकाबले चार गुना बडे आकार का हो जाएगा। छोटे सैटलाइटों का अंतरिक्ष में लंबे समय तक टिके रहना मुश्किल इसलिए भी होता है कि वे आवश्यक एनर्जी हासिल नहीं कर पाते। आजादीसैट-2 की एक्सपैंडबल संरचना का फायदा यह है कि छोटे आकार के कारण इसे ले जाने में अतिरिक्त खर्च नहीं पड़ता और ऑर्बिट में पहुंचने के बाद इसकी बढ़ी हुई संरचना में लगा सोलर पैनल इसके लिए ऊर्जा पाने का जरिया बन जाता है। छोटे सैटलाइट के साथ इस तरह का प्रयोग पहली बार ही किया गया है। तीसरी और सबसे बड़ी बात यह है कि इस सफल अभियान के जरिए इसरो ने छोटे सैटलाइटों के उभरते हुए बाजार में पैठ बनाने की कोशिश की है। इस प्रॉजेक्ट को डिजाइन और डिवेलप करते हुए इस बाजार की जरूरतों का खास ख्याल रखा गया है। मकसद यह स्थापित करना है कि इसरो मार्केट की डिमांड के मुताबिक सैटलाइट लॉन्च करने की सुविधा प्रदान कर सकता है। ये रॉकेट एक छोटी सी टीम के जरिए मात्र कुछ दिनों के अंदर असेंबल किए जा सकते हैं, जबकि PSLV के मामले में 600 लोगों को भी छह महीने का वक्त लगता है। जानकारों के मुताबिक, इसरो एक सप्ताह की समय सीमा में यह सुविधा उपलब्ध कराने की स्थिति में होगा।



ध्यान रहे, अंतरिक्ष में लोगों की और इंडस्ट्री की जिस तेजी से दिलचस्पी बन रही है, उसके मद्देनजर इस क्षेत्र में विकास की जबर्दस्त संभावना देखी जा रही है। माना जा रहा है कि 2026 तक ही इसका वैश्विक कारोबार बढ़कर 7.4 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इसरो की यह सामयिक पहल न केवल उसे इस मार्केट के बड़े हिस्से पर अपनी पकड़ बनाने का मौका दे सकती है बल्कि देश की इकॉनमी के लिहाज से भी वरदान साबित हो सकती है।

# बाइडन का संदेश



किरीट ए. चावड़ा

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने संबोधन (स्टेट ऑफ द यूनियन एड्रेस) में कहा कि अगर चीन खतरा पैदा करेगा तो अमेरिका अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का सालाना स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण इस बार ऐसे मौके पर आया है, जब उनके कार्यकाल में पहली बार विधायिका पूरी तरह उनकी पार्टी के नियंत्रण में नहीं है। सीनेट पर अब भी उनकी पार्टी का नियंत्रण है, लेकिन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में विरोधी रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत है। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि राष्ट्रपति बाइडन अगले कार्यकाल के लिए चुनावी मैदान में उतरने का मन बना चुके हैं। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि उनका भाषण खासतौर पर घरेलू मामलों पर ही केंद्रित रहा। जहां उन्होंने अमेरिका को फिर से मजबूती दिलाने वाली अपनी उपलब्धियां गिनाईं, वहीं इस बात पर भी जोर दिया कि वह विपक्षी दल के साथ मिलकर भी देश हित में जरूरी फैसले लेते हुए देश को आगे ले जा सकते हैं। यह इसलिए भी जरूरी था कि अपने कार्यकाल के बचे हुए हिस्से में अगर उन्हें कुछ बड़े फैसले करने हैं तो विपक्ष के सहयोग की दरकार होगी। बहरहाल, इन सबके बीच भी विदेश नीति को लेकर जो संकेत उन्होंने अपने भाषण में दिए, वे खासे अहम हैं। सबसे ज्यादा जोर उन्होंने चीन पर दिया, जिसके कथित



जासूसी गुब्बारे को मार गिराने के उनके फैसले की पिछले दिनों खासी चर्चा रही है। स्वाभाविक ही उन्होंने अपने इस फैसले का बचाव किया और यह भी दोहराया कि जब भी चीन की तरफ से अमेरिका की संप्रभुता के लिए किसी तरह का खतरा पैदा किया जाएगा, हम कार्रवाई करेंगे। हालांकि इसके साथ ही बाइडन यह रेखांकित करने से भी नहीं चूके कि वह अमेरिकी हितों और वैश्विक हितों के मद्देनजर चीन के साथ सहयोग करने को प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने ध्यान दिलाया कि चीनी राष्ट्रपति शी चिन फिंग के सामने भी वह स्पष्ट कर चुके हैं कि अमेरिका कॉन्फ्लिक्ट नहीं कॉम्पिटिशन चाहता है। दिलचस्प है कि इस भाषण पर प्रतिक्रिया जताते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन को प्रतियोगिता से डर नहीं लगता, हालांकि वह दोनों देशों के संपूर्ण रिश्ते को प्रतियोगिता के ही रूप में परिभाषित करने के पक्ष में नहीं है। जाहिर है, भाषणों में निहित औपचारिकता को ध्यान में रखें तो इस भाषण के पॉजिटिव पहलुओं को चीन-अमेरिका रिश्तों में सुधार के संकेत के रूप में नहीं लिया जा सकता। खासकर यूक्रेन युद्ध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का रुख ऐसी कोई संभावना नहीं छोड़ता। लेकिन पिछले साल अगस्त में पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में आए अप्रत्याशित उबाल को ध्यान में रखें तो ये संकेत उस उबाल को नियंत्रित रखने की कोशिश जरूर माने जा सकते हैं। खासकर इस तथ्य के मद्देनजर कि नए हाउस स्पीकर केविन मैकार्थी (रिपब्लिकन) के भी इस साल ताइवान जाने की योजना है।

# क्या भारत को भी है जासूसी गुब्बारों की जरूरत



गणेश पाण्डेय

अमेरिका में चीन के स्पाई बलून को लेकर दोनों देशों के रिश्तों में खटास और बढ़ गई है। 4 फरवरी को अमेरिका ने अपने लड़ाकू विमान F-22 से चीन के जासूसी गुब्बारे को मार गिराया। चीन के जासूसी गुब्बारे यानी चीनी एयरशिप की जानकारी 3 फरवरी को सामने आई थी। चीन ने कहा कि यह गुब्बारा मौसम से जुड़ी जानकारी जुटाने के लिए छोड़ा गया था। चीन के इस गुब्बारे में कुछ अनयूज़ुअल चीजें थीं। गुब्बारे की दिशा और इसे रफ्तार देने के लिए इसमें एक मोटर और प्रोपेलर लगा था, एक बड़ा पेलोड भी था। चीन का गुब्बारा साइंटिफिक रिसर्च के काम आ रहा था या जासूसी में इस्तेमाल हो रहा था, यह तय करना मुश्किल हो सकता है। बलून का इस्तेमाल क्यों अमेरिका जिन चीजों को 'अनआइडेंटिफाइड एरियल फिनॉमेना' यानी UAP कहता है, उसका ताल्लुक हो सकता है कि चीनी एयरशिप से भी हो। अक्सर सेंसर के ठीक से काम नहीं करने या ऑप्टिकल इल्यूजन के कारण भी कई चीजों को UAP करार दिया जाता है। लेकिन यह भी हो सकता है कि ऐसे U A P के दायरे में कई एयरशिप भी हों। पेंटागन की एक हालिया रिपोर्ट में साल 2022 में बलून या बलून जैसी 163 चीजें अमेरिका में दिखने की बात की गई है। साल 2020 में इसी तरह का एयरशिप उत्तरी जापान में देखा गया था। साल 2022 में पोर्ट ब्लेयर के पास इसी तरह का एयरशिप दिखा था। भारत का यह इलाका सामरिक रूप से बेहद अहम है। जासूसी गुब्बारे कुछ ऐसे काम कर सकते हैं, जो स्पाई सैटलाइट नहीं कर सकते। सैटलाइट अपनी ऑर्बिट में चक्कर काटते हैं। ऑर्बिट का पहले से अनुमान लगाया जा चुका होता है। विकसित देशों के पास कई दशकों से यह क्षमता है कि वे अपने सैटलाइट की अधिकतर गतिविधियां छिपा सकते हैं। सैटलाइट को इधर-उधर मूव कराया जा सकता है, लेकिन इसमें बहुत फ्यूल खर्च होगा। यह ईंधन बहुत कीमती होता है। इसे ज्यादा अहम जरूरतों के लिए बचाया जाता है। दूसरी ओर, जासूसी गुब्बारे या एयरशिप को दूसरे देश के आसमान में उड़ाना रिस्की तो होता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय जल सीमा में इन्हें आसानी से मूव कराया जा सकता है। इसमें कोई बड़ी बाधा नहीं आती। एयरशिप या जासूसी गुब्बारे किसी भी सैटलाइट या एयरक्राफ्ट के मुकाबले सस्ते होते हैं। इन्हें बहुत ऊंचाई पर उड़ाया जा सकता है। इस तरह ये एयर टु एयर और सर्फेस टु सर्फेस मार करने वाली मिसाइलों की रेंज से बाहर निकल सकते हैं। जासूसी गुब्बारे किसी भी इलाके पर बहुत देर तक उड़ान भर सकते हैं।



लिहाजा विरोधी देश की नौसेना की हरकतों पर नजर रखने में ये काफी कारगर साबित होते हैं। जासूसी गुब्बारे या एयरशिप में स्टेल्थ टेक्नॉलजी का इस्तेमाल करने पर इन्हें पहचान पाना मुश्किल हो जाता है। भारत क्या करे भारत की बात करें तो सीमा पर बेहतर तरीके से निगरानी करने में एयरशिप या जासूसी गुब्बारे बहुत उपयोगी हैं। भारत की थल और जल सीमा पर ये एयरशिप तस्करों की हरकतों पर नजर रख सकते हैं। साथ ही, ये मुश्किल में फंस जाने वाली फिशिंग बोट्स को तलाशने में मददगार होंगे। समुद्री निगरानी में एयरशिप का अच्छा इस्तेमाल हो सकता है। इनके जरिए शांति काल में जहाजों की आवाजाही पर नजर रखी जा सकती है। वहीं, तनाव के हालात में भी इनके चलते युद्ध भड़कने का खतरा कम ही रहता है। साल 2019 और 2020 में इंडोनेशिया के मछुआरों ने अपने देश की समुद्री सीमा में चीन के दो सी विंग अनक्रूड अंडरवॉटर वीइकल्स यानी U U V को पकड़ा था। ये चीन के सर्वे शिप्स ने छोड़े थे। समुद्र के भीतर करीब दो महीने समय बिताने के बाद इन UUV को आमतौर पर वापस कलेक्ट कर लिया जाता है। ऐसा ही एक सर्वे शिप अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के आसपास साल 2019 में दिखा था। वह भारत के एक्सक्लूसिव इकनॉमिक जोन में चला आया था। उसे तुरंत वहां से निकलने का आदेश दिया गया था। दोहरे इस्तेमाल का खतरा हो सकता है कि ऐसे उपकरणों से साइंटिफिक रिसर्च ही की जाए, लेकिन इनका दोहरा इस्तेमाल भी हो सकता है। चीन समुद्र में अपनी क्षमता बढ़ाने पर काम कर रहा है। वह एंटी-सबमरीन क्षमता बढ़ाना चाहता है। इसमें समुद्र की सतह, समुद्र के विभिन्न हिस्सों के पानी में नमक की मात्रा और समुद्र के तापमान आदि की जानकारी बेहद काम की होती है। ऐसा भी नहीं है कि इस तरह के दोहरे इस्तेमाल वाले UUV का सहारा केवल चीन लेता है। साल 2016 में चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने फिलीपींस के पास एक अमेरिकी UUV को पकड़ा था। हालांकि अमेरिका ने जब विरोध जताया तो चीन ने उसका UUV उसे लौटा दिया। भारतीय नौसेना भी छह सर्वे शिप का इस्तेमाल करती है। ऐसे चार और जहाज नौसेना को जल्द मिलने वाले हैं। ये शिप रिमोटली ऑपरेटेड और ऑटोनॉमस, दोनों तरह के UUV का उपयोग कर सकते हैं। हालांकि अभी इनके बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। स्पेशल जैमर की जरूरत जासूसी के दूसरे उपकरणों के चलते भारत के लिए नई चुनौतियां खड़ी होती रहेंगी। सरकारें और आतंकवादी, दोनों ही सस्ते कमर्शल ड्रोन और जासूसी गुब्बारों का सहारा ले सकते हैं। इसे देखते हुए भारत को स्पेशल जैमर डिवेलप करने होंगे। इसके साथ ही सस्ते ड्रोन को मार गिराने का ऐसा तरीका भी निकालना होगा, जिसमें ज्यादा खर्च न आए। हाई एंड एयर टु एयर मिसाइलों का इस्तेमाल महंगा पड़ता है। अंतरिक्ष में भी जासूसी की तमाम हरकतें हो सकती हैं। चीन के पास रांदेवू एंड प्रॉक्सिमिटी ऑपरेशंस (R P O ) सैटलाइट हैं। ये दूसरे सैटलाइट के काफी करीब पहुंच सकते हैं। RPO का उपयोग रिपेयरिंग और रीफ्यूलिंग जैसे कामों में होता है, लेकिन इनका इस्तेमाल दूसरे स्पेसशिप या सैटलाइट से मिलने वाली जानकारी को बीच में ही इंटरसेप्ट करने या सैटलाइट को नुकसान पहुंचाने में भी हो सकता है। RPO से निपटने के लिए भारत को अंतरिक्ष में अपनी क्षमता बढ़ानी होगी। भारत को ऐसे तमाम जासूसी उपकरणों के इस्तेमाल में महारत हासिल करनी होगी ताकि विरोधियों को करारा जवाब दिया जा सके।

# भूकंप से बड़ा नुकसान ना हो, कैसे करें पक्का



भूपेन्द्र पटेल

यह समझना जरूरी है कि एजियन समुद्र के चारों ओर जो देश हैं- तुर्किये, सीरिया और ग्रीस- वे साइस्मेकली बहुत एक्टिव एरिया हैं। पूरा तुर्किये भूकंप के लिहाज से सक्रिय क्षेत्र है और वहां भूकंप अक्सर आते भी रहते हैं। हालांकि 7.8 तीव्रता का भूकंप 100 साल बाद आया है, लेकिन 5-6 तीव्रता वाला भूकंप आना यहां के लिए कोई बड़ी बात नहीं। हाल में जो भूकंप आया, वह ईस्ट एनाटोलियन फॉल्ट लाइन पर आया है, जो कि अरेबियन प्लेट के साथ जुड़ा हुआ है। अरेबियन प्लेट धक्का मार रहा है एनाटोलियन प्लेट को, जिसके कारण बहुत अधिक तीव्रता वाले भूकंप के इस एरिया में आने की हमेशा आशंका रही है। इसका परिणाम हमने पिछले कुछ दिनों में देखा है, जब इस क्षेत्र में 70 के करीब भूकंप आए। शहर नष्ट हो गए हैं और हजारों लोग मारे गए हैं।

जापान ने क्या किया

सवाल यह है कि क्या भूकंप इतना विनाशकारी होना चाहिए? क्या हम भूकंप से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं?

दुनिया में सबसे अधिक भूकंप सक्रिय क्षेत्र जापान है। ऐसे में भूकंप से सबसे अधिक कहीं नुकसान हो सकता है तो जापान में हो सकता है। लेकिन जापानी समाज ने अपने आपको इस तरह से ढाला है, अपनी बिल्डिंगों को इस तरह से डिजाइन किया है, अपने लोगों को इस तरह से प्रिपेयर किया है कि बहुत बड़े भूकंप में भी वहां जान-माल का नुकसान ज्यादा नहीं होता। जैसे कि मार्च, 2022 में फुकुशिमा भूकंप। यह 7.4 तीव्रता का भूकंप था, लेकिन इसमें केवल तीन लोगों की मौत हुई और 247 घायल हुए। इन बड़े-बड़े भूकंपों में भी जरूरी नहीं कि इतनी अधिक हानि हो, अगर हम अपनी सोसायटी को जापान की तरह तैयार करें।

पहले तो मानना पड़ेगा, 7.8 रिक्टर स्केल का जो भूकंप है, वह एक बड़ा भूकंप है। इसमें हानि होनी थी, लेकिन क्या इतने लोगों की जान जाने की जरूरत थी? इस बात को समझने की जरूरत है क्योंकि कुछ




बिल्डिंगों के जो विडियो मैंने देखे हैं, उनसे लगता है कि उनका बहुत ही खराब निर्माण था, क्योंकि कई जगहों पर पूरी की पूरी बिल्डिंग एक साथ धंस गई है। ऐसा लगता है कि तुर्किये में भवन निर्माण के मानक बहुत सख्त नहीं हैं। जापान जितने स्ट्रॉन्ग तो बिल्कुल नहीं। इसी कारण हमें इतनी हानि देखने को मिली है।

अब अगर अपने देश की बात करें तो हिमालयी क्षेत्र को भूकंप के झटकों के लिहाज से काफी संवेदनशील माना जाता है। पिछले कुछ समय से हम देख रहे हैं कि हिंदुकुश रीजन से यहां तक काफी बार भूकंप के झटके आ चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर के इलाके भी हिले हैं, जो भूकंप सक्रिय क्षेत्र है। इस जोन में रहने का क्या मतलब होता है भूकंप के लिहाज से? क्या हमारे यहां भी 7.8 रिक्टर स्केल जितना शक्तिशाली भूकंप आ सकता है?

हमारे हिस्ट्री में 7-8 तीव्रता वाला भूकंप आ चुका है। कश्मीर में 2005 में जो भूकंप आया था, वह 7.6 रिक्टर स्केल का था। कच्छ, गुजरात का भूकंप जो 2001 में आया था वह 7.7 था। तो 7 और 8 की तीव्रता वाले भूकंप हमारे यहां भी आए हैं, लेकिन वे दशकों में आते हैं। जहां तक दिल्ली का सवाल है, दिल्ली जोन-4 में आता है। लेकिन कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार के कुछ स्थान जो नेपाल से सटे हुए हैं, वे और पूरा नॉर्थ-ईस्ट जोन-5 में। ये सबसे अधिक भूकंप संभावित एरिया हैं।

यह भी समझना जरूरी है कि पिछले 20-30 साल से जितनी तेजी से हमने शहरीकरण किया है और जितनी तेजी से कंस्ट्रक्शन हुए हैं वह भी अहम है। ऐसे में भूकंप का असर जोन-5 और जोन-4 में काफी होगा। हमारे यहां बहुत गैरकानूनी कंस्ट्रक्शन भी होते हैं। बहुत सटी-सटी इमारतें हैं, पतली गलियां हैं। इन सभी चीजों को देखें तो मेरे अंदाज से अगर 7.8 की डेंसिटी का भूकंप किसी घनी आबादी वाला क्षेत्र में भारत में हिट करता है तो उसका बहुत बड़ा नुकसान होगा।

बात करें भूकंप के पूर्वानुमान की तो अब तक तो भूकंप प्रेडिक्ट करने का कोई एग्जैक्ट साइंस नहीं है। लेकिन आप मोटे तौर पर बता सकते हैं कि भूकंप कहां आने वाला है। जैसे कि 2015 में नेपाल का भूकंप आने से पहले लोग मान रहे थे कि बड़ा भूकंप आने वाला है काठमांडू वैली में। भूविज्ञानी देखते हैं कि कितनी फ्रीक्वेंसी में भूकंप आ रहा है। अगर 30-40 साल में एक बड़ा भूकंप आता है, तब वे भविष्यवाणी कर सकते हैं कि अगले 30-40 साल में फिर आएगा। लेकिन कोई कहे कि पूर्वानुमान लगा सकता हूं कि परसों भूकंप आएगा, तो वह एक तरह से झूठ है। आप ब्रॉड प्रेडिक्शन कर सकते हैं कि अगले दो-तीन साल में बड़े भूकंप आने की संभावना है।

तैयार रहने की जरूरत

जैसे हम भविष्यवाणी कर सकते हैं कि हिमालय में भूकंप अक्सर आएंगे। पिछले 50-100 साल के आंकड़े देखें तो 90 फीसदी भूकंप हिमालय क्षेत्र में ही आया है। जो हिमालयी राज्य हैं, उन्हें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है। जिस तेजी से इन राज्यों में कंक्रीट की बिल्डिंगें बन रही हैं, वह बहुत ही खतरनाक है। हिमालय में पारंपरिक रूप से बहुत ही हल्के घर रहे हैं, चाहे वो लकड़ी के हों, या पत्थर के। लेकिन जिस तेजी से हम बहुमंजिला इमारतें बना रहे हैं, देहरादून, नैनीताल, शिमला हर जगह ऐसा दिख रहा है, यह बहुत ही जोखिम लेने वाली बात है। इसलिए हिमालयी राज्यों को तो हमेशा ही तैयार रहना चाहिए भूकंप को लेकर। लेकिन सिर्फ हिमालयी राज्य ही क्यों। किसी घनी आबादी वाले इलाके में किसी दिन बड़ा भूकंप आ सकता है। इसलिए पूरे देश को भूकंप के लिए तैयार रहना चाहिए।

# ऑटो-टैक्सी वालों की मीटरबाजी ! ई-मीटर रिकैलिब्रेट कराने की अवधि तीसरी बार बढ़ी



मुंबई, मुंबई में नया किराया लागू होने के बाद ऑटोरिक्शा-टैक्सीचालकों को मीटर रिवैâलिब्रेट करने के लिए पहले ३० नवंबर फिर १५ जनवरी तक की मोहलत दी गई थी। हालांकि, इस अवधि की समाप्ति के बाद भी अपने मीटर को रिवैâ लिब्रेट करने में विफल रहने वाले ऑटोरिक्शा-टैक्सीचालकों के खिलाफ आरटीओ सख्त कार्रवाई के मूड में है। गौर करने वाली बात यह है कि यूनियन की मांग पर आरटीओ ने मीटर को रिवैâ लिब्रेट करने की समय सीमा को तीसरी बार बढ़ाया है। इस बार `मीटर'बाजी करनेवाले ऑटोरिक्शा-टैक्सीचालकों, मालिकों को आरटीओ ने चेतावनी दी है कि ३१ मार्च तक मीटर रिकैलिब्रेट नहीं हुए तो चालकों, मालिकों को जुर्माना भुगतना पड़ेगा। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के अधिकारियों के अनुसार, यूनियनों ने समय सीमा में विस्तार की मांग की थी। उनका कहना था कि कई चालक १५ जनवरी की समय सीमा को पूरा नहीं कर सकते हैं। उनकी बातों को ध्यान में रखकर समय सीमा को बढ़ाने का पैâसला लेते हुए अब एक बार फिर ३१ मार्च तक रिकैलिब्रेट करवाने की समय-सीमा तय की गई है। इसके बावजूद ऑटोरिक्शा-टैक्सी चालकों, मालिकों ने मीटर को रिकैलिब्रेट नहीं किया तो उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।पिछले वर्ष हुई थी किराया में वृद्धि बता दें कि राज्य आरटीओ ने पिछले साल एक अक्टूबर से ऑटोरिक्शा और टैक्सी के किराए में संशोधन और वृद्धि करने का पैâसला किया है, तब से उन्होंने समय सीमा को दो बार यानी ३० नवंबर और १५ जनवरी तक बढ़ाया है। इसके बावजूद ऐसे हजारों चालक हैं, जिन्होंने अपने ई-मीटर को रिक्शे के लिए २३ रुपए और टैक्सियों के लिए २८ रुपए के संशोधित किराए के साथ रिवैâलिब्रेट नहीं किया है। इसी बात को ध्यान में रखकर एक बार फिर से समय सीमा बढ़ाई गई है। प्रतिदिन ५० रुपए जुर्माना देना होगा आरटीओ के मुताबिक, अगर ड्राइवर ३१ मार्च के बाद भी अपने ई-मीटर को रिवैâलिब्रेट नहीं करते हैं तो उन्हें प्रतिदिन ५० रुपए जुर्माना देना होगा। इस मामले पर यूनियनों का कहना है कि जो चालक नियमों का पालन नहीं करते, वे मुख्य रूप से मुंबई शहर से बाहर अन्य मार्गों पर चलते हैं। यूनियन ने दावा किया कि अधिकतर चालक पिछले कुछ समय से शहर के बाहर हैं, जिसके कारण मीटर का रिकैलिब्रेट नहीं किया। हालांकि, अब वे लोग वापस आ रहे हैं तो रिकैलिब्रेट करवा लेंगे।

# महाराष्ट्र की दो सीटों पर उपचुनाव

## पिछली बार BJP के खाते में गई थी सीट, इस बार किसका पलड़ा भारी?




महाराष्ट्र में कसबा पेठ और चिंचवाड़ विधानसभा सीट पर इस महीने 26 फरवरी को उपचुनाव होने वाले हैं. दोनों विधानसभा की सीटें बीजेपी के विधायकों की असामयिक मौत के बाद खाली हुई हैं. ऐसे में माना यह जा रहा है कि इन सीटों पर बीजेपी की दावेदारी मजबूत है, लेकिन विपक्षी दलों गठबंधन महा विकास आघाड़ी (MVA) के कार्यकर्ताओं के हौसले भी बुलंद है क्योंकि इसी महीने विधान परिषद की पांच सीटों के आए चुनाव परिणाम से बीजेपी बैकफुट पर है. इसी माह आए हैं विधान परिषद की 5 सीटों के परिणाम शिव सेना उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले इस गठबंधन एमवीए में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस शामिल है. इनके कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद होने के पीछे ठोस कारण इस माह विधान परिषद चुनाव में अमरावती और नागपुर दोनों जगहों पर बीजेपी की हार है. नागपुर में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) समर्थित उम्मीदवार सुधाकर अडबले ने बीजेपी समर्थित प्रतिद्वंद्वी नागोराव गनार को हराया. नागपुर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से गनार ही एमएलसी थे. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नागपुर गृह जिला है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय है. अमरावती सीट भी बीजेपी हारी हैअमरावती की सीट भी बीजेपी के पास थी. बीजेपी के रंजीत पाटिल को एमवीए के धीरज लिंगाडे ने हरा दिया. औरंगाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के उम्मीदवार विक्रम काले की जीत हुई है. नासिक में हालांकि कांग्रेस नेता के बेटे के निर्दलीय के रूप में जीत से कांग्रेस की फजीहत हुई लेकिन पांच विधान परिषद की सीटों में से केवल बीजेपी के ज्ञानेश्वर म्हात्रे को कोंकण मंडल शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जीत सके.दोनों विधानसभा सीटों पर बीजेपी का रहा है कब्जाअभी जो विधानसभा के उपचुनाव में हो रहे हैं उसमें कसबापेठ है जहां पिछले साल 2022 में बीजेपी के विधायक मुक्ता तिलक की मौत हो गई थी. इसी वजह से यह उपचुनाव कराया जा रहा है. पुणे जिले की इस सीट पर वर्ष 2004 से ही बीजेपी का कब्जा है. वर्ष 2004 से 2019 तक तीन बार यहां से बीजेपी से गिरीश बापत विधायक रहे. 2019 में पुणे की मेयर रह चुकीं मुक्ता शैलेश तिलक यहां से बीजेपी की विधायक चुनी गई थीं. उनके निधन से ये सीट खाली हुई है. इस नाते माना यह जा रहा है कि बीजेपी उम्मीदवार हेमंत रसाने को सहानुभूति के वोट मिलेंगे और वह जीतेंगे. एमवीए ने यहां से रविंद्र धंगेकर को उम्मीदवार बनाया है. वैसे कहने को तो अभी चुनाव मैदान में 28 उम्मीदवार हैं और 10 फरवरी तक नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि है. लेकिन मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच होगा. दिवंगत विधायक की पत्नी को बीजेपी ने उतारापुणे जिले का ही चिंचवाड़ विधानसभा सीट भी परंपरागत रूप से बीजेपी की रही है यहां सिर्फ एक बार बार 2009 में बीजेपी हारी है नहीं तो 2004 से बीजेपी की ही रही है. यहां से बीजेपी के लक्ष्मण जगताप विधायक थे. उनकी मौत के बाद ये खाली हुई है और इस सीट से बीजेपी ने उनकी पत्नी अश्विनी जगताप को मौका दिया है. मुकाबले में माना यह जा रहा है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी और एमवीए के लिए यह चुनाव जीतना जनता का रुख भांपने के लिए बहुत जरूरी होगा. 2 मार्च को चुनाव परिणाम आने हैं.

### मुरलीधरन के घर की खिड़की का शीशा तोड़ा

**तिरुवनंतपुरम ।** केरल के तिरुवनंतपुरम में अज्ञात बदमाशों ने केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन के आवास को कथित तौर पर निशाना बनाया और इसकी खिड़की का शीशा तोड़ दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि मुरलीधरन के उल्लूर में स्थित आवास में पार्किंग स्थल की खिड़की का शीशा तोड़ा गया है। पुलिस के अनुसार उनके कार्यालय के कर्मचारियों को आज पूर्वाह्न 11 बजे खिड़की का शीशा टूटा हुआ मिला और सूचना मिलने पर मेडिकल कॉलेज पुलिस के कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें मौके से खून के धब्बे मिले हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने और उनकी मंशा का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### उच्चतम न्यायालय में 69,000 से अधिक मामले लंबित

**नई दिल्ली ।** सरकार ने बृहस्पतिवार को बताया कि उच्चतम न्यायालय में 69,000 से अधिक मामले लंबित हैं, जबकि देश के 25 उच्च न्यायालयों में 59 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के ब्यौरे का हवाला देते हुए बताया कि एक फरवरी तक शीर्ष अदालत में 69,511 मामले लंबित थे।उन्होंने कहा, 'एक फरवरी, 2023 को राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार देश भर के उच्च न्यायालयों में 59,87,477 मामले लंबित हैं।'उन्होंने कहा कि इनमें से 10.30 लाख मामले देश के सबसे बड़े उच्च न्यायालय यानी इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लंबित हैं। सिक्किम उच्च न्यायालय में सबसे कम 171 मामले हैं।

### गुरदासपुर में सीमा के समीप दिखा पाकिस्तानी ड्रोन

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के गुरदासपुर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों द्वारा गोलीबारी किए जाने के बाद यह पड़ोसी देश लौट गया। बीएसएफ के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बुधवार को रात करीब नौ बजकर 40 मिनट पर गुरदासपुर में आदिया सीमा चौकी के समीप ड्रोन दिखाई दिया और बल के जवानों द्वारा गोलियां चलाये जाने के बाद यह मानव रहित यान पाकिस्तान लौट गया। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ जवानों ने पाकिस्तानी ड्रोन पर 16 गोलियां चलाई और रोशनी पैदा करने वाले बम का भी उपयोग किया।

### महाराष्ट्र : सातव पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**औरंगाबाद ।** महाराष्ट्र में विधान परिषद में कांग्रेस की सदस्य प्रज्ञा राजीव सातव पर कथित तौर पर हमला करने के मामले में पुलिस ने 40 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। घटना सातव के गृह जिले हिंगोली में हुई थी। प्रज्ञा सातव ने बुधवार को ट्वीट किया था, 'आज कलामनूरी गांव के कसबे धवंदा में मुझ पर हमला किया गया। एक अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से मुझ पर हमला किया। यह मुझे चोट पहुंचाने का गंभीर प्रयास था और मेरी जान को खतरा है।' प्रज्ञा कांग्रेस के दिवंगत नेता राजीव सातव की पत्नी हैं।

# महाराष्ट्र में कब पेश होगा बजट?

## सीएम शिंदे और फडणवीस कर रहे ये खास प्लानिंग



एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र 27 फरवरी से शुरू होकर 25 मार्च को समाप्त होगा, राज्य का 2023-24 का बजट 9 मार्च को पेश किया जाएगा.

यह एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश किया गया पहला बजट होगा, जो हाल ही में शिवसेना से अलग होकर बीजेपी में शामिल हुए हैं. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस अपना पहला बजट पेश करेंगे. देवेंद्र फडणवीस पेश करेंगे बजटसत्र के पहले दिन सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार नव मान्यता प्राप्त राज्य गीत 'जय जय महाराष्ट्र माझा' बजाया जाएगा. बजट सत्र का फैसला विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और विधान परिषद की उपाध्यक्ष नीलम गोरहे की अध्यक्षता में हुई विधानसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के दौरान लिया गया.

बयान के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित पांच विधेयकों को बजट सत्र के दौरान पेश किया जाएगा, जबकि आठ अन्य विधेयकों को मंजूरी दी जानी बाकी है.

मुख्यमंत्री और गृह मंत्री सहित सरकार में विभिन्न पदों पर रहे उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस वित्त मंत्री के रूप में अपना पहला बजट पेश करेंगे, जिससे यह बजट उनके लिए महत्वपूर्ण होगा. उन्होंने जनता से सुझाव भी मांगे हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके विचार बजट में परिलक्षित हों.विधान परिषद में कौन पेश करेगा बजटमहाराष्ट्र की वित्तीय निरीक्षण रिपोर्ट 8 मार्च को पेश की जाएगी और बजट 9 मार्च को दोपहर 2 बजे पेश किया जाएगा. विधान परिषद में बजट कौन पेश करेगा, यह सवाल खड़ा हो गया है क्योंकि वर्तमान में राज्य में कोई राज्य मंत्री नहीं है.

राज्य मंत्रिमंडल संरचना और मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं किया गया है या सत्र से पहले वित्त राज्य मंत्री नियुक्त नहीं किया गया है.

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का हलफनामा मुस्लिम महिला मस्जिद मे नमाज पढ़ सकती हैं




ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने गुरुवार को शीर्ष अदालत में हलफनामा दाखिल किया। अपने हलफनामे में एआईएमपीएलबी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एक मुस्लिम महिला नमाज अदा करने के लिए मस्जिद में प्रवेश करने के लिए स्वतंत्र है। बोर्ड ने साफ किया कि नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में महिलाओं के प्रवेश की अनुमति है। इसमें यह भी कहा गया है कि मस्जिद में नमाज के लिए उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने के अपने अधिकार का प्रयोग करना महिलाओं के लिए विकल्प है।बोर्ड ने यह जवाब उस जनहित याचिका पर दिया है, जिसमें मुस्लिम महिलाओं को मस्जिदों में प्रवेश की अनुमति देने की मांग की गई है। हलफनामे में बोर्ड ने यह भी कहा है कि मस्जिदों जैसे पूजा स्थलों में धार्मिक प्रथायें पूरी तरह से मुत्तविलयों और मस्जिदों द्वारा नियंत्रित निजी क्रियाएं हैं। ऐसे में कोर्ट या एआईएमपीएलबी ऐसे धार्मिक स्थान में विस्तृत व्यवस्था करने पर विचार नहीं कर सकते। हलफनामे में कहा गया है कि याचिका में उठाए गए मुद्दे न केवल एक धार्मिक स्थान के प्रबंधन से संबंधित हैं बल्कि एक धार्मिक स्थान से जुड़ी गतिविधियों को भी विनियमित करते हैं। एआईएमपीएलबी ने कहा है कि इस्लाम मुस्लिम महिलाओं के लिए दिन में पांच बार प्रार्थना करना या सामूहिक रूप से शुक्रवार की नमाज अदा करना अनिवार्य नहीं करता है। उन्हें मस्जिद में प्रार्थना करने की अनुमति है। बोर्ड ने कहा है कि वास्तव में उनके(महिलाओं) पास मस्जिद या अपने घर में नमाज़ अदा करने का विकल्प है।

# बीजेपी में शामिल हुए तो अपना वोटबैंक खो देंगे बालासाहेब थोराट?



मुंबईः महाराष्ट्र की राजनीति में भूचाल आया है। एमपीसीसी नेतृत्व के खिलाफ बालासाहेब थोराट ने विद्रोह का बैनर उठाया है। उनके कांग्रेस छोड़ने के बाद, राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हो गई हैं कि वह बीजेपी में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बालासाहेब थोराट बुधवार को राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की अध्यक्षता वाली कार्य संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल नहीं हुए। कांग्रेस का प्रतिनिधित्व थोराट के बजाय पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने किया। हालांकि भाजपा के एक वरिष्ठ कैबिनेट सदस्य का कहना है कि उन्हें नहीं लगता कि बालासाहेब थोराट कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होंगे। अगर वह कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाने का फैसला करते हैं, तो मजबूत वोटबैंक खो देंग। उनकी विधानसभा संगमनेर से निर्वाचित होना मुश्किल होगा। खरगे को पत्र लिखकर लगाए थे आरोप 2 फरवरी को, थोराट ने एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक पत्र लिखा जिसमें कहा गया था कि उनके लिए एमपीसीसी अध्यक्ष नाना पटोले के साथ काम करना संभव नहीं है और वह तत्काल प्रभाव से सीएलपी नेता का पद छोड़ रहे हैं। थोराट इस बात से नाखुश हैं कि उनके भतीजे, राज्य युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सत्यजीत तांबे को नासिक डिवीजन स्नातक निर्वाचनक्षेत्र के चुनावों के लिए नामांकन से वंचित कर दिया गया था। इसके बजाय, कांग्रेस ने भाजपा की बागी शुभांगी पाटिल का समर्थन किया, जो सत्यजीत से बड़े अंतर से हार गईं। अशोक चव्हाण बोले- AICC नेतृत्व हल करे विवाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कहा कि उन्हें यकीन है कि थोराट पार्टी नहीं छोड़ेंगे, जबकि मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम ने कहा कि एआईसीसी नेतृत्व को तुरंत इस्तीफा वापस लेने के लिए राजी करना चाहिए। निरूपम ने कहा, कि थोराट पार्टी के एक बहुत ही वरिष्ठ और सम्मानित नेता हैं। एआईसीसी नेतृत्व को लिखे अपने पत्र में, उन्होंने बुनियादी मुद्दों को उठाया है। खड़गे को ध्यान देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को समयबद्ध तरीके से हल किया जाए। 15 फरवरी को बुलाई गई बैठक एमपीसीसी अध्यक्ष नाना पटोले को राजनीतिक स्थिति का जायजा लेने के लिए 15 फरवरी को एमपीसीसी कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई गई है। बीएसी की बैठक में इसी महीने से शुरू होने वाले तीन सप्ताह के बजट सत्र की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। सत्र के लिए तैयार किए गए अजेंडे के अनुसार राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी 27 फरवरी को राज्य विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे, आर्थिक सर्वेक्षण 8 मार्च को पेश किया जाएगा, और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस 9 मार्च को बजट पेश करेंगे।

# 1113 होटल्स की चेकिंग 671 जगहों पर रेड...



## वैलंटाइंस-डे से पहले मुंबई पुलिस का 'ऑपरेशन ऑल आउट

मुंबईः महानगर में कानून-व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए मुंबई पुलिस द्वारा ऑपरेशन ऑल आउट शुरू है। प्रशासन द्वारा इस तरह के अभियान चलाए जाने से अपराधियों के हौसले पस्त हैं। उन पर ऑपरेशन ऑल आउट भारी पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि वैलंटाइंस-डे से पहले इस प्रकार के ऑपरेशन चलाएं जाने से 14 फरवरी के आसपास हंगामा करने वाले बदमाशों का मनोबल कम होगा, जो इस वैलंटाइंस-डे के मौके पर मारपीट करने की कोशिश करते हैं। मुंबई पुलिस के मुताबिक, इस अभियान के तहत 1113 से अधिक होटेलों, लॉजों और रेस्तरां के अलावा लोगों के ठहरने वाली जगहों की तलाशी ली है। उन्होंने 671 संवेदनशील ठिकानों की गहन तलाशी ली। इस दौरान मुंबई पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ऑपरेशन ऑल आउट चलाकर फरार चल रहे 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 8000 से ज्यादा वाहन चेकिंग 233 जगहों पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया और 787 अपराधियों से पूछताछ की गई। इस दौरान 8 हजार से अधिक वाहनों की जांच की गई, जबकि 5747 वाहन चालकों के खिलाफ यातायात नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 15 वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अवैध शराब, मटका, जुआ आदि चलाने के आरोप में 68 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। अफवाह से बचने की अपील डीसीपी विशाल ठाकुर ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने से बचें। गलत जानकारी वायरल करने पर अगर कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है, तो दोषियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# मुंबई में जेसीबी, पोकलेन या ड्रेजर से नहीं, 180 करोड़ रुपये खर्च करके रोबोट से नालों की सफाई करवाएगा बीएमसी



मुंबई : बीएमसी मुंबई में खुले नालों की सफाई के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लेगी। इसके लिए रोबोटिक मल्टिपर्पज एक्स्क्वेटर मशीन का इस्तेमाल करेगी। इस आधुनिक रोबोटिक मशीन पर करीब 8 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि मॉनसून के दौरान पानी की तेजी से निकासी के लिए पानी की लाइन और बड़े नाले हैं। बीएमसी के सभी विभाग कार्यालयों की मांग के अनुसार बरसात के पानी की निकासी वाली लाइनों को साफ-सफाई के लिए विभिन्न प्रकार के संयंत्र उपलब्ध कराए जाते हैं।

मुंबई शहर, पश्चिम उपनगर और पूर्वी उपनगर में कई खुले नाले हैं, जिसमें से कचरा, सामान, प्लास्टिक व अन्य वस्तुएं रहती हैं। इन सब की बारिश से पूर्व साफ-सफाई कराई जाती है। विदेश में निर्मित एक रोबोटिक मल्टिपर्पज एक्स्क्वेटर मशीन का इस्तेमाल खुले नालों की साफ-सफाई के लिए किया जाता है। प्रमुख नालों की सफाई के लिए यह बहुउद्देश्यीय उत्खनन मशीन है। यह रोबोटिक मशीन आधुनिक तकनीक से लैस है। बीएमसी ने इसकी मरम्मत कराने का फैसला किया है। साथ ही, इसके अगले चार साल तक मरम्मत और देखभाल का जिम्मा भी ठेका लेने वाली कंपनी को दिया जा रहा है। मशीन आने के बाद नालों की सफाई में तेजी आने की बात कही जा रही है। क्रेन की नहीं पड़ेगी जरूरत यह रोबोटिक मल्टिपर्पज एक्स्क्वेटर तीन मशीनों के रूप में काम करता है, जिसमें जेसीबी, पोकलेन और ड्रेजर शामिल होता है।

# दिल की सेहत का रखना है ख्याल तो अपनाएं ये आसान तरीके


रंजनबेन मसोया

सही खान-पान और रूटीन पूरी सेहत के लिए एक मूलमंत्र है। लेकिन अक्सर हम इसे बहुत हल्के में ले लेते हैं। इमरजेंसी में कभी-कभार रूटीन का सही न हो पाना अलग बात है। लेकिन अगर आप अक्सर चीजों को कल पर टाल कर संतुष्ट हो जाते हैं तो याद रखिए यह गंभीर मुश्किल पैदा कर सकता है। दिल एक ऐसा अंग है जिसका लगातार, सही तरीके से काम करते रहना जीवन को चलाए रखने के लिए जरूरी है। इस मामले में टालने या रिस्क लेने से काम नहीं चलता। अच्छी बात यह है कि कुछ बहुत ही सामान्य आदतों या चीजों को अपनाने से आप दिल की अच्छी सेहत की दिशा में काम कर सकते हैं। इसमें खाने में सही और गलत फैट्स में से चुनाव करने जैसे तरीके भी शामिल हैं। आपको सिर्फ एक बार अपनी डाइट और रूटीन को लेकर प्लानिंग करनी है और फिर हमेशा उसपर अडिग रहना है। यह सोचने में जटिल काम लग सकता है लेकिन है नहीं। शुरुआत में हो सकता है थोड़ी दिक्कत आए लेकिन जिंदगी भर फिर इसका फायदा मिल सकता है। इससे न केवल आप अपना ध्यान रख सकते हैं बल्कि दूसरों को भी हेल्दी हार्ट के लिए प्रेरणा दे सकते हैं।

दिल का इस तरह रखिए ख्याल:

दिल की सेहत को लेकर सबसे पहले स्ट्रेस करना छोड़ दीजिए क्योंकि ये भी दिल पर बुरा असर डाल सकता है। थोड़ा ठहरकर शांति से नोट्स बनाइए कि आपको किस



चीज पर काम करने की जरूरत है और बस धीरे-धीरे उस पर अमल करना शुरू कर दीजिए। आपको जिन चीजों का ख्याल रखना है, उसमें शामिल हैं-

-आपके परिवार में किसी भी प्रकार के हृदय रोग या अन्य बीमारियों की हिस्ट्री। यह वह बिंदु है जिसपर लोग अक्सर गौर करना भूल जाते हैं। जरूरी नहीं कि परिवार में किसी को हृदय रोग हों तो आपको भी होंगे ही लेकिन इसकी आशंका हमेशा हो सकती है। इसलिए आपके परिवार में यदि हाई बीपी, हाई शुगर, कोलेस्ट्रॉल आदि भी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आया है तो जरूरी है कि आप कम उम्र से ही अपने रूटीन में स्वास्थ्यवर्धक आदतों को डाल लें। साथ ही अपने मेडिकल चैकअप को समय पर कराते रहें। सबसे अच्छी बात यह है कि आज दिल की लगभग हर बीमारी का इलाज उपलब्ध है और इसके बाद आराम से सामान्य जीवन जिया जा सकता है। अगर आप सतर्कता रखेंगे तो निश्चिंतता से स्वस्थ जीवन जी पाएंगे।

-खर्राटों या स्लीप एप्निया को नजरअंदाज न करें। यदि आप लगातार नींद में बाधा महसूस कर रहे हैं और खर्राटे आपकी आदत बन चुके हैं तो डॉक्टर से सलाह लेकर इसके लिए उपाय करें। स्लीप एप्निया की स्थिति में आपके एयरवे में ब्लॉकेज हो जाता है जिससे सांस लेने में बाधा होने लगती है। जिससे रात में कई बार नींद में ही आपकी सांस रुक भी जाती है। यह हाई ब्लड प्रेशर, असामान्य हृदय गति और हार्ट फेलियर का कारण भी बन सकता है। अगर आपका वजन ज्यादा है तो आप में इसके होने की आशंका और भी बढ़ जाती है।

-वजन, शुगर, बीपी और कोलेस्ट्रॉल पर कड़ा नियंत्रण रखना। ये एक ऐसी बात है जो जानते ज्यादातर लोग हैं लेकिन इसे अमल में लाना भूल जाते हैं। जैसे रोज भोजन करना, नहाना आदि आपको याद रहता है वैसे ही उपरोक्त नियंत्रण को जीवन का हिस्सा बनाएं। सफेद दुश्मनों यानी नमक, शकर और चावल का सेवन कम से कम कर दें, भोजन में अधिक से अधिक फाइबर और गुड फैट्स जैसे ओमेगा-3 फैटी एसिड्स को डाइट में शामिल करें। साबुत अनाज, साबुत फल, हरी सब्जियां, आदि का सेवन करें।

-तनाव, स्ट्रेस जैसी स्थितियों से जितना हो सके दूर रहने का प्रयास करें। ये आपके दिल को बड़ी मुश्किल में डाल सकती हैं। मेडिटेशन, म्यूजिक आदि इसमें आपकी मदद कर सकते हैं।

-रोजाना कम से कम 15 मिनिट का व्यायाम और खुली ताजा हवा में डीप ब्रीदिंग चमत्कार की तरह काम करेंगी। इससे रक्त संचार तो सुचारू होगा ही, दिमाग को सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी और वह सही तरीके से काम कर पाएगा।

-शराब या सिगरेट कभी किसी समस्या का हल नही हो सकते। इनका दिल की सेहत पर भी बहुत बुरा असर पड़ता है। इनसे दूरी बनाए रखें या सेवन कम से कम करें। रेड वाइन जैसे ड्रिंक्स का प्रयोग थोड़ी मात्रा में कभी कभार किया जा सकता है लेकिन हार्ड लिकर से तो बिल्कुल ही दूर रहें।

# वजन घटाने के लिए खाएं रोटी, जानिए सेहत के लिए बाजरा और मक्का में से कौन सा आटा है फायदेमंद





चार्ल्स पटेल

लोग वजन घटाने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। कई लोग तो खाना-पीना ही छोड़ देते हैं लेकिन खाना न खाने से वजन कम नहीं होता है। आहार एवं पोषण विशेषज्ञों के मुताबिक, भारतीय खाने में ही कई ऐसे व्यंजन हैं, जो वजन कम करने में सहायक होते हैं। अतिरिक्त वसा को कम करने के लिए हमें अपनी डाइट में ऐसी खाद्य सामग्रियों को शामिल करना चाहिए। आपके ही किचन में कम कार्ब के कई विकल्प मिल जाएंगे, जिनका सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए भी लाभप्रद है और वजन कम करने में भी सहायक है। भारत में ज्वार, मक्का और बाजना जैसे अनाज का अच्छा उत्पादन होता है। खाने में विकल्प के तौर पर इसे आप रोजाना खाने में कहीं न कहीं इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आपको पता हैं कि इन्हीं अनाज के सेवन से वजन भी घटाया जा सकता है। यहां हम दो अधिक इस्तेमाल होने वाले अनाज मक्का और बाजरे में पाए जाने वाले पोषक तत्वों, सेवन से होने वाले फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं। दोनों ही वजन कम करने में कारगर हैं।

बाजरे के सेवन से फायदा

बाजरा प्रोटीन, फाइबर और सेहत के लिए फायदेमंद खनिजों से भरपूर है। अनाज में बाजरा स्वास्थ्य के लिहाज से बेहतर विकल्प है। बाजरे में फाइबर की अधिक मात्रा होने के कारण ये पेट को लंबे समय कर भरा हुआ महसूस कराता है। जिससे लोग अधिक खाने से बच जाते हैं और वजन को कंट्रोल में रखता है। इसलिए वजन कम करने के लिए आप बाजरे की रोटी को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आपको पाचन की समस्या है तो भी बाजरे का सेवन फायदेमंद है। बाजरा में मैग्नीशियम, पोटेशियम पाया जाता है, जो शरीर के साथ ही हृदय को भी सेहतमंद रखने में मदद करता है।



मक्का खाने के फायदे

मक्के का सेवन लोग आमतौर पर सर्दियों में अधिक करते हैं। ये गें्हूं के आटे के विकल्प के तौर पर अच्छी खाद्य सामग्री है। मक्का में आयरन, फास्फोरस, जिंक और कई विटामिनों की भरपूर मात्रा मिल जाती है। इसका सेवन केवल वजन कम करने में ही नहीं बल्कि आंखों की रोशनी के लिए भी अच्छा है। इसके अलावा कैंसर और एनीमिया की रोकथाम में भी मक्का मददगार होता है। मक्के में मौजूद कार्बोहाइड्रेट के कारण एनर्जी लेवल बना रहता है और भूख कम लगती है और वजन कंट्रोल होता है। मक्के के आटे के सेवन से शरीर को पर्याप्त मात्रा में फाइबर भी मिलता है, जिससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सामान्य बना रहता है और कब्ज की समस्या से भी छुटकारा मिलता है।

मक्का और बाजरा में से कौन सा आटा ज्यादा फायदेमंद

वैसे तो बाजरा और मक्का दोनों ही सेहत के लिए फायदेमंद हैं और वजन कम करने में सहायक हैं लेकिन अगर तुलना की जाए कि बाजरा और मक्का में से कौन सा अनाज तेजी से वजन कम करने में कारगर है तो भले ही दोनों ही ग्लूटेन मुक्त हैं लेकिन अपेक्षाकृत कम कैलोरी के कारण बाजरे का चयन करना बेहतर विकल्प होगा। लेकिन बाजरे का अधिक सेवन पथरी के मरीजों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। बाजरे में मौजूद फाइटिक एसिड भी आंत में भोजन के अवशोषण में समस्या पैदा कर सकता है।

मक्के के सेवन से नुकसान

वहीं जिन लोगों में ब्लड क्लोट्स और थ्रोम्बोसिस की समस्या होती है, उन्हें मक्के के सेवन से बचना

# बदलते मौसम में बढ़ा बीमारियों का खतरा, इन घरेलू उपायों को अपनाकर पा सकते हैं आराम


राज के.वेगड़

देशभर में इस समय तेजी से मौसम में बदलाव हो रहा है। कुछ जगहों पर तेज धूप तो कहीं ठंडी हवाएं चल रही हैं। सुबह सुबह ठंडी हवाओं और हल्की धूप के कारण लोगों को एक बार फिर सर्दी का अहसास हुआ। मौसम में बदलाव के कारण लोगों में सर्दी-जुकाम बुखार और गले की समस्याओं का जोखिम काफी सामान्य हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों और बुजुर्गों में इस तरह की समस्याओं का जोखिम सबसे अधिक देखा जाता है, ऐसे लोगों को बदलते मौसम में विशेष सावधानियों की जरूरत होती है। वहीं यदि आपको सर्दी-गले में खराश की दिक्कत हो भी जाती है तो हर बार इसके लिए दवाओं की आवश्यकता नहीं है, इसमें कुछ आसान से घरेलू उपाय करके भी लाभ पाया जा सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं मौसम में होने वाले बदलाव के कारण सर्दी-जुकाम और गले में संक्रमण का जोखिम किसी को भी हो सकता है, हालांकि जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर होती है उनमें इसका जोखिम अधिक हो सकता है। वर्षों से दादी-नानी के घरेलू नुस्खों की मदद से इस तरह की समस्याओं में



आसानी से राहत पाया जाता रहा है। आइए ऐसे ही कुछ आसान से उपायों के बारे में जानते हैं जिनको प्रयोग में लाकर आप बिना दवाइयों के भी इस तरह की दिक्कतों से आराम पा सकते हैं। भाप से बंद नाक में मिलता है आराम बदलते मौसम के साथ होने वाले संक्रमण के कारण नाक बंद होने की समस्या सबसे सामान्य है। इसके लिए आयुष मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार गले की परेशानी या बंद नाक में पुदीना के पत्तों या अजवाईन के साथ भाप लेने से लाभ मिलता है। यह कफ को कम करने के साथ नाक को खोलने और सांस लेने को आसान बनाती है। गले में होने वाले खराश और दर्द की समस्याओं के जोखिम को कम करने में भी इस घरेलू उपाय के प्रभाव देखे गए हैं। लौंग और शहद का सेवन सूखी खांसी-गले में दर्द और खराश जैसी दिक्कतों को कम करने के लिए लौंग के चूर्ण और शहद को मिलाकर इसका सेवन करने से लाभ पाया जा सकता है। खांसी या गले में जलन होने पर दिन में 2-3 बार इसका सेवन किया जा सकता है। लौंग गले के संक्रमण को कम करने और शहद गले के खराश को कम करने में आपके लिए सहायक है। सर्दी-जुकाम की समस्याओं में इस उपाय से आराम पाया जा सकता है। गले में दर्द और खराश को कम करने और सर्दी के लक्षणों में नमक पानी के गरारे करने से लाभ मिलता है। एक गिलास पानी में 1 टेबल स्पून नमक डालकर 5 मिनट तक उबालें। जब तापमान सामान्य हो जाए तो इसे गरारे करने के लिए इस्तेमाल करें। आयुर्वेद विशेषज्ञों के मुताबिक गले में खराश की स्थिति में राहत के लिए दिन में 3-4 बार गरारे करने की सलाह दी जाती है। गरारे के साथ गुनगुने पानी का सेवन करना भी लाभकारी तरीका हो सकता है।



# साप्ताहिक राशि भविष्यफल



**मेष** : सप्ताह उन्नतिदायक रहेगा। कार्य तेजी से होंगे, लेकिन इसके लिए जरूरी है आप आलस्य का त्याग करें। परिवार में मांगलिक प्रसंग आएंगे। मित्रों-प्रेमी प्रेमिकाओं के साथ मनोरंजक यात्राओं पर जाएंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। नौकरी और व्यापार-व्यवसाय में उन्नति का समय है। दांपत्य और पारिवारिक जीवन में चल रहा तनाव कम होगा।

**वृषभ** : आर्थिक समस्याओं का निदान मिलने वाला है। किसी को उधार दिया पैसा लौट जाएगा। संपत्ति संबंधी अटके हुए कार्य इस सप्ताह पूरे हो जाएंगे। आजीविका के वर्तमान साधनों से लाभ होगा किंतु बदलाव भी करेंगे तो अच्छा है। नए कार्य प्राप्त होंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेगा।

**मिथुन** : धन-मान के लिहाल से सप्ताह शुभ है। पुराने फंसे हुए पैसों की आवक होगी। सांपत्तिक सुख प्राप्त होगा। मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। परिवार में चल रहा तनाव कम होगा और पारिवारिक मांगलिक प्रसंगों में शामिल होंगे। नौकरी और व्यावसायिक दृष्टि से लाभ की स्थिति में रहेंगे।

**कर्क** : सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। कोई बड़ा सम्मान और जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में माहौल सुखद रहेगा किंतु मित्रों से किसी बात पर टकराव हो सकता है। आर्थिक लाभ की संभावना अच्छी बन रही है। भूमि, वाहन खरीदने के योग हैं। शारीरिक स्वस्थता प्राप्त होगी। जीवनसाथी से प्रेम बढ़ेगा। नए प्रेम प्रसंग सामने आएंगे।

**सिंह** : पारिवारिक मेलजोल समागम होगा। मांगलिक कार्यो में शामिल होने का अवसर आएगा। संपत्ति की प्राप्ति होगी। नए कार्य प्रारंभ करने के लिए समय उत्तम है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य गड़बड़ा सकता है। अत्यधिक थकाने वाले कार्य न करें। प्रेम संबंध मजबूत होंगे। जीवनसाथी के साथ प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या** : अपने अहंकार को अलग रखना होगा अन्यथा पारिवारिक संबंध बिगड़ेंगे। परिवार में महत्व तभी मिलेगा जब सभी को साथ लेकर चलेंगे। आर्थिक कमजोरी अनुभव होगी। नए कार्यो में सफलता मेहनत के बाद ही मिलेगी। नौकरी में तनावपूर्ण स्थिति बनेगी। व्यापारिक दृष्टि से समय शुभ है। स्वास्थ्य समान्य रहेगा। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। यात्राएं हो सकती हैं।

**तुला** : नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यापारिक दृष्टि से लाभ की स्थिति में रहेंगे। पुराना निवेश लाभ देगा। नए कार्य प्रारंभ करेंगे। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर टकराव हो सकता है। नए प्रेम संबंध मन को प्रफुल्लित करेंगे। यात्राएं हो सकती हैं।

**वृश्चिक** : आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक दृष्टि से सप्ताह शुभ है। धन की आवक उत्तम रहेगी जिससे अटके हुए कार्य पूरे करने में सफल होंगे। संतान पक्ष की ओर से उत्साहजनक समाचार मिलेगा। आपको सामाजिक जीवन में कोई बड़ा दायित्व और सम्मान मिल सकता है। परिवार में महत्व बढ़ेगा। मित्रों से मेलजोल होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु** :सप्ताह लाभदायक है। कार्यो को गति मिलेगी। नौकरीपेशा लोगों को उन्नति मिलेगी। व्यापारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। नए कार्य प्रारंभ करने के लिए समय उत्तम है। सप्ताह के उत्तरार्ध में वाहन-मशीनरी का प्रयोग करते समय सावधानी रखें। किसी को पैसा उधार देने से बचें वरना फंस जाएगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मकर** : मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यो को महत्व और सराहना मिलेगी। पारिवारिक जीवन उत्तम रहेगा। धन की आवक भरपूर रहेगी इससे कार्यो को गति मिलेगी। नौकरीपेशा वर्ग प्रसन्न रहेंगे, व्यापारी वर्ग नए कार्य जोड़ सकते हैं। नए भूमि, भवन, वाहन खरीदने के योग बनेंगे। जीवनसाथी के साथ तालमेल बना रहेगा।

**कुंभ**: समय संभलकर चलने का है। किसी से व्यर्थ के विवाद में न पड़ें। परिवार में सामंजस्य बनाकर रखना होगा। किसी बात पर क्रोध आए तो शांत रहें। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सप्ताह के उत्तरार्द्ध में अचानक बड़े धन की आवश्यकता पड़ सकती है। नौकरीपेशा को उन्नति मिलेगी। व्यापारी वर्ग लाभ की स्थिति में रहेंगे।

**मीन** : समय श्रेष्ठ है। कार्यो को गति मिलेगी। नए कार्य प्रारंभ करने का समय है। नौकरीपेशा को उन्नति मिलेगी किंतु जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। व्यापारियों को लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक लाभ का समय है। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। पुराने प्रेम में ऊर्जा प्राप्त होगी। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। पारिवारिक समागम, मेलजोल होगा। मांगलिक प्रसंगों में शामिल होंगे। यात्राएं होंगी।

# चुटकुले

देवर के सिर पर चोट लगी.
भाभी- ये कैसे हुआ देवर जी?
देवर- भाभी जी, मैं ईंट से पत्थर तोड़ रहा था.
भाभी- तो सिर पर कैसे चोट लग गई?
देवर- मुझे एक पड़ोसी ने कहा कि कभी दिमाग का इस्तेमाल भी कर लिया कर.

एक लड़की फोन पर बात करते हुए लिफ्ट में आई।
पप्पू की तरफ देख कर हंसी और फोन पर अपनी सहेली से बोली - चल अब फोन रखती हूं, लिफ्ट में एक शानदार, हैंडसम लड़का आया है,
देखती हूं अगर कोई बात बनती है तो...!
अब बेचारा पप्पू कुछ बोलता-उससे पहले ही लड़की बोली - सॉरी अंकल, मेरी सहेली बहुत पकाती है,
मुझे फोन रखना था, इसलिए झूठ बोलना पड़ा...!
पप्प (मन ही मन में) - भगवान कसम, आज तक इतनी शराफत किसी ने बेइज्जत नहीं किया...

टीचर (चिंटू से)- होमवर्क क्यों नहीं किया?
चिंटू- मैम, मैं जब पढ़ने बैठा तो लाइट चली गई।
टीचर- तो लाइट आने के बाद क्यों नहीं की पढ़ाई?
चिंटू- बाद में मैंनें इस डर से पढ़ने नही बैठा कि कहीं मेरी वजह से फिर से लाइट न चली जाए।

पप्पू- चायपत्ती और पति में क्या समानता है, जानते हो..
भाभी जी- नहीं... तुम ही बताओ...
पप्पू- दोनों के ही भाग्य में 'जलना' और 'उबलना' लिखा है...

टीचर (चिंटू से)- होमवर्क क्यों नहीं किया?
चिंटू- मैम, मैं जब पढ़ने बैठा तो लाइट चली गई।
टीचर- तो लाइट आने के बाद क्यों नहीं की पढ़ाई?
चिंटू- बाद में मैंनें इस डर से पढ़ने नही बैठा कि कहीं मेरी वजह से फिर से लाइट न चली जाए।

## हरदिया साहू समाज का सामूहिक विवाह का फैसला सराहनीयः बघेल



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज द्वारा आयोजित सामाजिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद और उनके सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी। आदर्श विवाह कार्यक्रम में आज 108 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज रायपुर द्वारा हाई स्कूल परिसर, डूंडा में आयोजित सामाजिक आदर्श विवाह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि खर्चीली शादी जैसी सामाजिक बुराई से निजात पाने के लिए हरदिया साहू समाज ने सबसे पहले सामूहिक विवाह का फैसला किया है, इसकी जितनी तारीफ की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि समाज में सबकी सहमति और सबकी भागीदारी से सामूहिक विवाह का अभूतपूर्व फैसला लिया वह सराहनीय है। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने वाले नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सुखमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि समाज और संगठन का मतलब लोगों का जुड़ना है। समाज और संगठन में लोग जितना जुड़ेंगे उतना हमारा समाज और संगठन मजबूत होगा। हमें साथ मिलकर सामाजिक कुरूतियों और बुराई को हटाना है। कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक सत्यनारायण शर्मा और बृजमोहन अग्रवाल, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा, छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज के अध्यक्ष त्रिलोकी साहू, छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू रायपुर परिक्षेत्र के अध्यक्ष डेरहा राम साहू उपस्थित थे।

### पीएम ने शिरडी और सोलापुर के लिए दो वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

# इस वर्ष के बजट ने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाया हैः पीएम नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट ने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाया है और इसने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन की तुलना में लोगों को अधिक राहत दी है। मोदी ने मुंबई से शिरडी और सोलापुर के लिए दो वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि जिस आय पर संप्रग सरकार ने 20 प्रतिशत तक कर लगाया था, इस बजट में उस पर शून्य कर है। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले दक्षिण मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएसएमटी-सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई और इसके बाद अहमदनगर जिले के साईंनगर शिरडी शहर को मुंबई से जोड़ने वाली एक अन्य ट्रेन को रवाना किया। मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, वेतनभोगी वर्ग हो या व्यापार-कारोबार से कमाई करने वाला मध्यम वर्ग, इस बजट से खुश हैं। उन्होंने कहा, इस बजट ने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाया है। मोदी ने कहा कि 2014 से पहले साल में दो लाख रुपए से ज्यादा कमाई करने वाले व्यक्ति को कर देने पड़ता था, लेकिन उनकी सरकार ने पहले पांच लाख रुपए तक की कमाई पर कर में छूट दी और इस बजट में इसे सात लाख रुपए तक पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, जिन लोगों ने संप्रग सरकार के दौरान 20 प्रतिशत कर चुकाया था वे आज कोई कर नहीं देते। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं की नई-नई नौकरी लगी है उनके पास अब ज्यादा बचत का अवसर है। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि सबका विकास सबका प्रयास की भावना को सशक्त करने वाला ए बजट हर परिवार को ताकत देगा तथा सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करेगा। वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के अलावा उन्होंने दो सड़क परियोजनाओं, सांताक्रूज चेंबूर लिंक रोड और कुरार अंडरपास परियोजना की भी शुरुआत की। इसका उद्देश्य सड़क यातायात की भीड़ को कम करना और मुंबई में वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करना है। प्रधानमंत्री ने मुंबई-साईंनगर शिरडी वंदे भारत ट्रेन के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के प्लेटफॉर्म नंबर 18 पर पहुंचने के बाद उसका निरीक्षण किया और ट्रेन के चालक दल तथा कोच के अंदर बच्चों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह रेलवे के लिए एक बड़ा दिन है खास कर महाराष्ट्र को उन्नत संपर्कता मुहैया कराने के लिहाज से जब पहली बार दो वंदे भारत ट्रेन को एक ही दिन हरी झंडी दिखाई गई। ए वंदे भारत ट्रेन, मुंबई और पुणे जैसे देश के आर्थिक केंद्रों को हमारे आस्था के बड़े केंद्रों से जोड़ेंगी। इससे कॉलेज आने-जाने वाले, ऑफिस और व्यापार के लिए आने-जाने वाले किसानों और श्रद्धालुओं सभी को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नई वंदे भारत ट्रेनों से शिरडी, नासिक, त्र्यंबकेश्वर और पंचवटी जैसे पवित्र स्थानों की यात्रा आसान हो जाएगी, जिससे पर्यटन के साथ-साथ तीर्थयात्रा को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, पंढरपुर के विट्ठल-रखुमाई, सोलापुर के सिद्धेश्वर मंदिर, अक्कलकोट के स्वामी समर्थ, या फिर आई तुलजाभवानी के दर्शन, यह भी अब सबके लिए और सुलभ हो जाएंगे। वंदे भारत ट्रेन के आज के भारत की उन्नत तस्वीर बताते हुए उन्होंने कहा कि अभी तक 10 ऐसी ट्रेन देश भर में चलनी शुरू हो चुकी हैं तथा आज देश के 17 राज्यों के 108 जिले वंदे भारत एक्सप्रेस से कनेक्ट हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब सांसद पत्र लिखकर अपने क्षेत्र के स्टेशनों पर रेलगाड़ियों को एक-दो मिनट रोके जाने का अनुरोध करते थे, लेकिन अब वे वंदे भारत ट्रेन की मांग कर रहे हैं। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री नारायण राणे, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मौजूद थे।




## प.रेलवे पर रविवार को दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

**मुंबई।** रेल पथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख–रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा शनिवार, 11 फरवरी एवं रविवार, 12 फरवरी, 2023 के बीच की मध्यरात्रि को वसई रोड तथा वैतरना स्टेशनों के बीच 23.50 बजे से 02.50 बजे तक अप फास्ट लाइनों पर तथा 01.30 बजे से 04.30 बजे तक डाउन फास्ट लाइनों पर 3 घंटों का रात्रिकालीन ब्लॉक लिया जायेगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा के अनुसार ब्लॉक के कारण ट्रेन नंबर 19101 विरार–भरूच मेमू अपने निर्धारित प्रस्थान समय 04.35 बजे की बजाय 15 मिनट की देरी से अर्थात विरार से 04.50 बजे प्रस्थान करेगी।

## 11 फरवरी से बोरीवली स्टेशन पर कुछ ट्रेनों के प्लेटफॉर्म में होगा बदलाव

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए 11 फरवरी, 2023 से बोरीवली स्टेशन पर कुछ ट्रेनों के निर्धारित प्लेटफॉर्म में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है बोरीवली स्टेशन पर 08.22 बजे पहुँचने वाली चर्चगेट–बोरीवली एसी लोकल ट्रेन अब प्लेटफॉर्म नंबर 2 के बजाय प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर पहुँचेगी। बोरीवली स्टेशन पर 08.25 बजे पहुँचने वाली चर्चगेट–बोरीवली लोकल ट्रेन अब प्लेटफॉर्म नंबर 3 के बजाय प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुँचेगी। बोरीवली स्टेशन से 08.26 बजे प्रस्थान करने वाली बोरीवली–चर्चगेट एसी लोकल ट्रेन अब प्लेटफॉर्म नंबर 2 के बजाय प्लेटफॉर्म नंबर 3 से प्रस्थान करेगी।

## पू. सी. रेल के पांडु जनरल स्टोर डिपो ने पहली बार स्टॉक आइटम की डोर डिलीवरी के लिए लागू किया सड़क अनुबंध

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार, पू. सी. रेल के अधीन जनरल स्टोर डिपो, पांडु ने अपने संबंधित उपयोगकर्ता विभागों को स्टॉक आइटम की डोर डिलीवरी प्रदान करने के लिए एक सड़क अनुबंध शुरू किया है। पू. सी. रेल के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता ने 9 फरवरी, 2023 को जनरल स्टोर डिपो, पांडु से अन्य रेल अधिकारियों की उपस्थिति में परिवहन वाहनों के पहले बैच को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस नई प्रणाली के लागू होने के साथ, स्टोर डिपो से उपयोगकर्ताओं द्वारा सामग्रियों के संग्रह में होने वाली अदृश्य लागत कम हो जाएगी। नई प्रणाली संबंधित उपयोगकर्ता विभाग को उनके डिपो/ गोदाम / कार्यालय में महत्वपूर्ण संरक्षा और अन्य गैर-संरक्षा वस्तुओं की त्वरित डिलीवरी प्रदान करेगी। इन वस्तुओं को जनरल स्टोर डिपो, पांडु द्वारा डिलीवर किया जाएगा और रेलवे की जनशक्ति एवं संसाधनों की भागीदारी काफी कम हो जाएगी। इससे स्टॉक सामग्री के परिवहन के लिए रेलवे द्वारा किए गए व्यय की बचत होगी। नई प्रणाली में सामग्रियों के हैंडलिंग और डिलीवरी करने में अधिक गतिशीलता और लचीलापन होगा। आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता पर स्पष्टता होगी, जो समग्र रूप से रेलवे के लिए अधिक किफायती होगा। रेलवे बोर्ड ने जोनल रेलवे को विभिन्न स्टॉक वस्तुओं की डोर डिलीवरी लागू करने का निर्देश दिया था, जो विभिन्न रेलवे विभागों द्वारा दिन-प्रतिदिन उपयोग के लिए आवश्यक हैं। पू. सी. रेल के क्षेत्राधिकार में गुवाहाटी से लेकर हाफलंग, सिलचर, नाहरलगुन आदि तक विभिन्न स्थानों पर प्रमुख मांग पत्र हैं। नई प्रणाली के साथ सभी मांगकर्ता अपने डिपो / गोदाम / कार्यालय पर किसी भी अतिरिक्त जनशक्ति का उपयोग किए बिना अपने उद्देश्य के लिए आवश्यक सामग्री प्राप्त कर करेंगे। जिसके परिणामस्वरूप संबंधित विभाग सामग्रियों की उपलब्धता की चिंता किए बगैर अपने मुख्य कार्य पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। इस प्रणाली से रेलवे के राजस्व की बचत होगी और जोन में संरक्षा का स्तर भी बढ़ेगा।




## डीजीए (प. रेलवे) और एजी (ऑडिट-II) अहमदाबाद ने अहमदाबाद में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया

ऑडिट के बारे में जागरूकता फैलाने की दिशा में निरंतर प्रयासों के एक भाग के रूप में, कार्यालय डीजीए (पश्चिम रेलवे) और कार्यालय एजी (ऑडिट-II) अहमदाबाद ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, अहमदाबाद में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में रेलवे के अधिकारियों को भारत के सीएजी की भूमिका और कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पवन सिंगला, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा इतिहास, कर्तव्यों और शक्तियों तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ऑडिट विभाग कैसे कार्य करता है इस विषय पर प्रेजेंटेशन एवं शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्तर के रेलवे अधिकारियों ने भाग लिया। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के तहत एक संवैधानिक प्राधिकरण है, जो भारत सरकार और सभी राज्य सरकारों के सभी विभागों का ऑडिट करता है। सीएजी के तहत भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग लेखापरीक्षा और लेखा कार्यों का निर्वहन करता है। प्रत्येक वर्ष 16 नवंबर को लेखापरीक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है और सप्ताह को लेखापरीक्षा जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। लेखापरीक्षा कार्यालयों से वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी नितिन कुमार, नितिन बी. परमार और सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी हुसैन आलम, विक्रम कुमार और नरेंद्र सोलंकी, सहायक पर्यवेक्षक,अंकित कुमार, डीईओ और विवेक कुमार एमटीएस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## बिहारः दो शीर्ष पुलिस अधिकारियों के बीच मनमुटाव का नीतीश ने लिया संज्ञान

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को खुलासा किया कि उन्होंने एक वरिष्ठ आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी के साथ उसके वरीय अधिकारी के कथित दुर्व्यवहार की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है। कुमार ने हालांकि, सोशल मीडिया पर अपनी आपबीती साझा करने के लिए पीड़ित अधिकारी को फटकार भी लगाई। अपनी समाधान यात्रौ के हिस्से के रूप में पूर्णिया जिला पंहुचे मुख्यमंत्री अग्निशमन विभाग के वर्तमान महानिरीक्षक विकास वैभव और अग्निशमन सेवा एवं होमगार्ड की महानिदेशक शोभा अहोतकर के बीच विवाद के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा,ै मैंने संबंधित अधिकारियों से मामले की पड़ताल करने और अपने निष्कर्षों से मुझे अवगत कराने को कहा है। लेकिन यह बेहद अनुचित है कि कोई अधिकारी अपने वरिष्ठों के समक्ष विवाद को रखने के बजाय ट्वीट करना पसंद करता है। यह सेवा नियमों के खिलाफ है। वैभव ने किसी का नाम लिए बिना डीजी मैडम के अपमानजनक व्यवहार की शिकायत की थी और दावा किया था कि उन्होंने इस तरह की एक घटना कौ रिकॉर्डै भी किया है। हालांकि वैभव ने बाद में ट्वीट हटा दिए थे। वहीं, दोनों अफसरों ने इस मुद्दे पर मीडिया से बात नहीं की है। वैभव वर्ष 2003 बैच और अहोतकर 1990 बैच की आईपीएस हैं। राज्य में विपक्षी भाजपा वैभव के पीछे खड़ी दिख रही है और उसने इसेै बिहार के गौरव का अपमानै से जोड़ा है। अहोतकर महाराष्ट्र की निवासी हैं। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता निखिल आनंद ने कहा,ै आईएएस केके पाठक ने मानसिक तनाव और हताशा में होने के सबूत दिए थे और अब आईपीएस शोभा अहोतकर भी अत्यधिक मानसिक तनाव और हताशा में हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के आईएएस अधिकारी पाठक हाल ही में एक बैठक में अपनी टिप्पणी को लेकर खबरों में थे। उत्तर प्रदेश में जन्मे पाठक का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया था।



## बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों को पशुपालन से जोड़ने योजना शुरू की जाएगी : शिवराज चौहान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों को पशुपालन गतिविधियों से जोड़ने के लिए राज्य सरकार योजना शुरू कर रही है। योजना में परिवारों को दो पशु, भैंस या गाय उपलब्ध कराई जाएगी, जिसकी 90 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए आहार अनुदान योजना इस उद्देश्य से आरंभ की गई थी कि महिलाएँ अनुदान की राशि अपने परिवार की बेहतरी के लिए खर्च करें। मुझे प्रसन्नता है कि बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों की महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि का महिलाओं ने सही तरीके से उपयोग किया है और इसके परिणाम भी बेहतर आए हैं। मुख्यमंत्री चौहान बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की 2 लाख 41 हजार 120 महिलाओं के खाते में 24 करोड़ 11 लाख 20 हजार रूपए की अनुदान राशि सिंगल क्लिक से अंतरित कर वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण पल्लवी जैन गोविल तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री मीना सिंह उमरिया से वर्चुअली सम्मिलित हुई। मुख्यमंत्री चौहान ने छिंदवाड़ा, उमरिया और श्योपुर की महिलाओं से वर्चुअली संवाद भी किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आहार अनुदान योजना प्रदेश के 15 जिलों में संचालित है। इन जिलों के अलावा अन्य जिलों में रह रही विशेष पिछड़ी जनजाति की महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## जो अपने परिवार को प्रेम नहीं कर सकता वो भगवान को प्रेम नही कर सकता : द्रुमिलकुमारजी महोदयश्री

> केवल ठाकोर जी की सेवा में किया हुआ प्रेम ही शाश्वत सुख देता है
> ठाकोरजी दरवाजे तक आ गए हैं। अब आप को आप के दिल में लाना है


**जीतु सोमपुरा मुंबई :** इंसान के पास सबकुछ है लेकिन शाश्वत आनंद इंसान के पास नहीं है। सबकुछ होते हुए भी कुछ नहीं है ऐसा अहसास क्या दुनिया का आश्चर्य नहीं है ? यश, पैसा, रूप ये सब अल्प काल के सुख है। केवल ठाकोर जी की सेवा में किया हुआ प्रेम ही शाश्वत सुख देता है। भगवद सेवा का जो आनंद है वो निर्मल है ऐसा स्पष्ट संदेश वैष्णवाचार्य गोस्वामी द्रुमिलकुमारजी महोदयश्री ने अपने षष्ठीपूर्ति महोत्सव में वैष्णव समाज को दिया। इस अपूर्व अवसर पर प्रसिद्ध गायक ओसमाण मीर तथा वृंद प्रस्तुत भक्ति संगीत संध्या का भी आयोजन सफल रहा। पूज्य वैष्णवाचार्य गोस्वामी श्री द्रुमिलकुमारजी महोदयश्री ने श्रध्दालुओं को एक दिशा तय करने को कहते हुए कहा की अब वक्त दोहरे मापदंड का नहीं है। इसलिए किसी भी तरह का अहंकार छोड़कर हमें संकल्प लेना है की अब हमें केवल प्रभु की दिशा में ही जाना है। प्रभु को प्रार्थना करें कि मुज में कोई सामर्थ्य नहीं है। आप ही के द्वारा दिया हुआ बल मै पा सकूं ऐसी कृपा करें। महोदयश्री ने अपने समग्र जीवन के अनुभव का सार भक्तों के हितार्थ में बताते हुए कहा कि मैंने समग्र विश्व में भ्रमण किया है। बड़े बड़े सम्मान देखे हैं। अगर आप सबकुछ पाना चाहते है तो समझ लेना जिसको परमात्मा मिल जाय वो ही सबकुछ पा सकता है। जबतक परमात्मा नहीं मिलेंगे तब तक अशांति मिलती रहेगी। अशांति ही इस दुनिया का फल है। जिस दिन आपकी इंद्रियों में, रोम रोम में परमात्मा की आकांक्षा जन्मे तो समझ लेना परमात्मा आपकी इंद्रियों में प्रकट हुए है। वल्लभाचार्यजी की क्रांति घर तक आ गई है। ठाकोरजी दरवाजे तक आ गए हैं। अब आप को आप के दिल में लाना है। जो दुनिया में आके प्रेम को सिखा नहीं वो भगवान को प्रेम कर सकता नहीं। जो अपने परिवार को प्रेम कर सकता नहीं वो भगवान को प्रेम कर सकता नहीं। इसलिए समझ जाओ, आप जो दिशा में जा रहे हो वो दिशा में अंधकार ही है। आपको सबकुछ लेने की आदत पड़ गई है। आपने दिशा बदलकर समर्पण भाव से प्रभु की ओर दिशा कर ली तो वहा शाश्वत आनंद है। पूर्ण आनंद है। और वो दिशा का नाम है व्रज। व्रज में जानें के अलावा तुम्हारा कोई उध्दार नहीं। इसलिए चलो व्रज की ओर। प्रभु का नाम लेने का आनंद जो व्रज में है वो आनंद का अनुभव सुरत या बरोड़ा में कहीं नहीं होगा। किसी भी दिखावे के बगैर व्रज में जानें की आपको आदत पड़ गई तो आनंद निश्चित है। पूज्यश्री ने अपने महत्वपूर्ण प्रवचन में एक मोड़ पर कहा कि मै दो साल बाद व्रज निवास करने जाऊंगा। मुझे कहते हुए आनंद हो रहा है की इसके लिए व्रजराज बावा ने व्यवस्था कर दी है। अपने मातापिता से कैसे व्यवहार करना चाहिए ये अगर किसीको सीखना है तो वो व्रजराज बावा से सीखे। बावाश्री की आज्ञासे विदेश से वैष्णव परिवार योगेश भाई पारेख, रेणुका बेन पारेख ने व्रज में श्रीनाथ धाम हवेली के लिए 2 करोड़ का न्योछावर किया है। और मुंबई से श्री एसआरके भी अपना योगदान दे रहे हैं। वहीं ठाकोरजी भी पधारेंगे। वहा हवेली का निर्माण होगा। बीस कुटीर का निर्माण होगा। कुछ और भी महत्वपूर्ण योजना है, जिसके लिए कुछ विशेष भक्त आगे आ रहे है। श्री वल्लभकुलभूषण वैष्णवाचार्य पूज्यपाद गोस्वामी १०८ श्री व्रजराजकुमारजी महोदयश्री के श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ के पश्चात एक अद्भुत ऐतिहासिक विक्रमरूप घटना के दौरान पूज्य व्रजराजकुमारजी महोदयश्री के सानिध्य में प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में ४-३० बजे श्रीपुरुषोत्तम सहस्त्रनाम महायज्ञ में ४२५ हवनकुंड के साथ ४२५ परिवार बड़े भाव से सहभागी हुए थे तथा दूसरे दिन २५० वैष्णवोने पूज्य व्रजराज बावा के पास से ब्रह्मसंबंध दीक्षा ली थी।



## डीजीए (प. रेलवे) और एजी (ऑडिट-II) अहमदाबाद ने अहमदाबाद में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया

ऑडिट के बारे में जागरूकता फैलाने की दिशा में निरंतर प्रयासों के एक भाग के रूप में, कार्यालय डीजीए (पश्चिम रेलवे) और कार्यालय एजी (ऑडिट-II) अहमदाबाद ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, अहमदाबाद में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में रेलवे के अधिकारियों को भारत के सीएजी की भूमिका और कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पवन सिंगला, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा इतिहास, कर्तव्यों और शक्तियों तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ऑडिट विभाग कैसे कार्य करता है इस विषय पर प्रेजेंटेशन एवं शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्तर के रेलवे अधिकारियों ने भाग लिया। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के तहत एक संवैधानिक प्राधिकरण है, जो भारत सरकार और सभी राज्य सरकारों के सभी विभागों का ऑडिट करता है। सीएजी के तहत भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग लेखापरीक्षा और लेखा कार्यों का निर्वहन करता है। प्रत्येक वर्ष 16 नवंबर को लेखापरीक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है और सप्ताह को लेखापरीक्षा जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। लेखापरीक्षा कार्यालयों से वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी नितिन कुमार, नितिन बी. परमार और सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी हुसैन आलम, विक्रम कुमार और नरेंद्र सोलंकी, सहायक पर्यवेक्षक,अंकित कुमार, डीईओ और विवेक कुमार एमटीएस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।






### एएफआई के जमीनी प्रतिभा खोज कार्यक्रम में भाग लेंगे 5482 खिलाड़ी

**पटना।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का प्रमुख जमीनी प्रतिभा खोज कार्यक्रम राष्ट्रीय अंतर-जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट (एनआईडीजेएएम) शुक्रवार से यहां शुरू होगा, जिसे पहली बार सिंथेटिक ट्रैक पर आयोजित किया जाएगा। कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण दो साल के अंतराल के बाद इस आयोजन की वापसी हो रही है। इस प्रतियोगिता में देश के 599 जिले के 5482 खिलाड़ी भाग लेगे। इसमें बालक और बालिका वर्ग मे अंडर-14 और अंडर-16 स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेगे। इसका पिछला आयोजन तिरुपति मे नवंबर 2019 में हुआ था।

### सचिन बैसोया ने दो शॉट की बढ़त बनाई

**कोलकाता।** भारतीय खिलाड़ी सचिन बैसोया ने टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर मे शुक्रवार को यहां पांच अंडर 65 का कार्ड खेलकर तालिका मे शीर्ष पर दो शॉट की बढ़त कायम कर ली। अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश मे लगे का कुल स्कोर 15 अंडर 195 है।

### चार साल बाद होगी इंडियन ओपन गोल्फ की वापसी

**नई दिल्ली।** इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट की चार साल बाद इस महीने वापसी होगी जिसमे कई बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गोल्फर हिस्सा लेंगे। कोविड-19 व्यवधान के बाद वापसी करते हुए इस टूर्नामेंट की इनामी राशि मे भी इजाफा किया गया है। गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एवं कंट्री क्लब मे 23 से 26 फरवरी तक होने वाला यह टूर्नामेंट पिछली बार इसी स्थल पर 2019 मे खेला गया था और इसके बाद कोविड महामारी से जुड़ी पाबंदियों के कारण इसका आयोजन नही हो पाया।

### रूस और बेलारूस के खिलाड़ी ओलंपिक में ले सकते है भाग: आईओसी

**जेनेवा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने पेरिस की मेयर के बयान को खारिज करते हुए कहा कि 2024 ओलंपिक मे तटस्थ रूप से आने वाले रूस और बेलारूस के प्रतिनिधिमंडल को रोकने की उसकी कोई योजना नही है। पेरिस की मेयर एनी हिडाल्गो ने कहा था कि रूस अगर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखता है तो अगले साल होने वाले ओलंपिक मे उसकी टीम को प्रवेश नही दिया जाएगा। ओलंपिक अधिकारियो ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों के लिए योजना बनाई है।

### रियाद के स्टेडियम पर होंगे संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल और फाइनल

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल और फाइनल मैच एक से चार मार्च के बीच सऊदी अरब मे रियाद के किंग फहद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले जाएंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस मे बताया कि सऊदी फुटबॉल महासंघ से मशविरे के बाद तारीख तय की गई है। भारतीय फुटबॉल के लिए यह बड़ी बात है कि संतोष ट्रॉफी सेमीफाइनल खेलने वाली चार टीमे सऊदी अरब मे अपने मैच खेलेगी। संतोष ट्रॉफी के आखिरी दौरो मे 12 टीमो को छह छह के दो समूहो मे बांटा जाएगा। टीमे एक दूसरे से राउंड रॉबिन आधार पर खेलेगी।

# अग्रवाल के दोहरे शतक से कर्नाटक का पलड़ा सौराष्ट्र पर भारी



### रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

**कप्तान मयंक** अग्रवाल के दोहरे शतक की मदद से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पहली पारी में 407 रन बनाकर सौराष्ट्र को दबाव में ला दिया। अपने कल के स्कोर 110 रन से आगे खेलते हुए अग्रवाल ने दूसरे दिन 429 गेंद में 249 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 28 चौके और छह छक्के जड़े। कर्नाटक ने कल के स्कोर पांच विकेट पर 229 रन से आगे खेलते हुए 46 . 3 ओवर में 178 रन जोड़े। विकेटकीपर श्रीनिवास शरत 66 रन बनाकर चेतन सकारिया की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। कृष्णप्पा गौतम और विजय कुमार विशाख ज्यादा देर टिक नहीं सके। विद्वत कावेरप्पा ने 15 रन बनाए। सौराष्ट्र के लिए सकारिया और कुशांग पटेल ने तीन तीन विकेट लिए। जवाब में सौराष्ट्र ने दो विकेट पर 76 रन बनाए थे। वह अभी भी कर्नाटक से 331 रन पीछे है जबकि तीन दिन का खेल बाकी है। विकेटकीपर हार्विक देसाई और शेल्डन जैकसन 27 . 27 रन बनाकर खेल रहे थे। स्नेल पटेल और विश्वराज जडेजा अपना विकेट कावेरप्पा को गंवा बैठे।

## बंगाल ने 438 रन बनाने के बाद मध्य प्रदेश के दो विकेट चटकाए



**इंदौर।** युवा विकेटकीपर अभिषेक पोरेल की अर्धशतकीय पारी के बाद बंगाल के गेंदबाजों ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में गत चैंपियन मध्य प्रदेश के खिलाफ गुरुवार को दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक पहली पारी में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट चटकाकर अपनी स्थित मजबूत कर ली। बंगाल ने दूसरे दिन चार विकेट पर 307 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम 54.3 ओवर में 131 रन जोड़कर पहली पारी में 438 रन पर आउट हो गई। इस दौरान 20 वर्षीय पोरेल (51) और कप्तान मनोज तिवारी (42) ने छठे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने तक मध्य प्रदेश ने 56 रन पर दो विकेट गंवा दिए। टीम अब भी 382 रन से पीछे है। कप्तान तिवारी ने कल के स्कोर पांच रन में 37 रन जोड़े। उन्होंने 129 गेंद की पारी में पांच चौके लगाकर टीम के स्कोर को 400 के पार पहुंचा। उनके आउट होने के बाद बंगाल के बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर नहीं ठहर सके। टीम ने आखिरी चार विकेट 37 रन पर गंवा दिए। मध्यप्रदेश के लिए कुमार कार्तिकेय सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 95 रन देकर तीन विकेट चटकाए। बंगाल की पारी को समेटने के बाद मध्य प्रदेश की टीम दमदार शुरुआत नहीं कर सकी। यश दुबे (12) और विकेटकीपर हिमांशु मंत्री (23) की पहले विकेट की 27 रन की साझेदारी को आकाश दीप (10 रन पर एक विकेट) ने तोड़ा। इसके बाद इशान पोरेल (चार रन पर एक विकेट) ने मंत्री को पवेलियन की राह दिखाई। स्टंप्स के समय सारांश जैन और अनुभव अग्रवाल क्रमश: 17 और चार रन पर बल्लेबाजी कर रहे है। बुधवार को मैच के पहले दिन अनुस्तूप मजूमदार (120) और सुदीप घरामी (112) ने शतक लगाकर बंगाल को अच्छी शुरुआत दिलाई थी।

# टी-20 विश्वकप में भारत व इंग्लैंड भी मजबूत दावेदार

### ● विश्व कप मुकाबले आज से : ऑस्ट्रेलिया की नजरें छठे खिताब पर



**ऑस्ट्रेलिया की** महिला टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी20 विश्व कप में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रिकॉर्ड छठी बार इस खिताब को जीतना चाहेगी लेकिन शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले टूर्नामेंट में भारत और इंग्लैंड की टीमें उसके वर्चस्व को खत्म करने के लिए जोर लगाएंगी। टूर्नामेंट के सात आयोजन में ऑस्ट्रेलिया पांच बार चैम्पियन रहा है और इस प्रारूप में 2020 में पिछले आयोजन में चैम्पियन बनने के बाद उसके दबदबे को विश्व क्रिकेट में कोई खास चुनौती नहीं मिली है। पिछले 22 महीने में इस टीम को टी20 प्रारूप में सिर्फ एक बार हार का सामना करना पड़ा है और वह भी भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेले गए मैच में जिसका नतीजा सुपर ओवर में निकला था। इसमें कोई शक नहीं कि गत विजेता टीम एक बार फिर प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी और खिताब की दूसरी हैट्रिक का लक्ष्य रखेगी। ब्रेक से कप्तान मेग लैनिंग की वापसी से टीम को मजबूती मिली है। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली भी चोट से उबर गई है। इस टीम की सबसे बड़ी ताकत बल्लेबाजी की गहराई है, जिसमें लैनिंग, हीली, एलिसे पेरी और तहलिया मैकग्रा जैसे बड़े शॉट लगाने वाले शामिल है। अनुभवी तेज गेंदबाज मेगन शुट्ट गेंदबाजी विभाग की कमान संभालेंगी जिसके स्पिन के कई विकल्प है। हरफनमौला एशले गार्डनर भी शानदार लय में हैं। यह 25 साल की खिलाड़ी शानदार गेंदबाजी के साथ बल्लेबाजी के दौरान निचले क्रम में बड़े शॉट लगाने के लिए जानी जाती है। भारत के खिलाफ इस टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला को 4-। से जीता था लेकिन इसके ज्यादातर मुकाबले काफी करीबी रहे। यही नहीं अभ्यास मैचों आयरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर यह दिखा दिया कि इस टीम को भी पटखनी दी जा सकती है। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के साथ घरेलू दक्षिण अफ्रीका की टीमें से ऑस्ट्रेलिया कड़ी चुनौती मिल सकती है। पिछले टी20 विश्व कप का उपविजेता भारत इस बार एक कदम आगे बढ़ कर पहली बार चैम्पियन बनने के लिए जोर लगाएगा। भारतीय टीम का प्रदर्शन हालांकि काफी हद कर बल्लेबाजी इकाई पर निर्भर करेगा। भारतीय बल्लेबाजी कलात्मक स्मृति मंधाना, बड़े शॉट खेलने वाली शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर के आस-पास घूमेगी। भारतीय टीम ने 2020 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन फाइनल में टीम पिछड़ गई थी। उस आयोजन में शेफाली भारत की शीर्ष स्कोरर थी और उनकी कप्तानी में अंडर-19 टीम ने हाल ही में विश्व कप का खिताब जीता है। अंडर-19 टीम की सफलता से सीनियर टीम का मनोबल जरूर बढ़ेगा। टीम में ऋचा घोष और पूजा वस्त्राकर जैसे बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ियों की मौजूदगी से शीर्ष क्रम पर दबाव कम होगा। टीम के लिए गेंदबाजी हालांकि चिंता का सबब है। तेज गेंदबाजी विभाग में शिखा पांडे के अलावा किसी के पास ज्यादा अनुभव नहीं है। शिखा ने भी लंबे समय तक बाहर रहने के बाद हाल ही में टीम में वापसी की है।

# अभिषेक, अतनु और ज्योति खिताब के दावेदार

### ● राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट

**अभिषेक वर्मा,** अतनु दास और वेनम ज्योति सुरेखा जैसे शीर्ष भारतीय तीरंदाज शुक्रवार से यहां डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) यमुना खेल परिसर में शुरू हो रहे राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे।
स्पर्धा का शुरूआती एलिमिनेशन दौर शुक्रवार को आयोजित किए जाएंगे। कंपाउंड और रिकर्व स्पर्धा के फाइनल दौर का आयोजन शनिवार और रविवार को होगा। एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली तीरंदाजी संघ भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) की देख रेख में करेगा। इस आयोजन में रिकर्व और कंपाउंड वर्ग में सीनियर, जूनियर एवं सब-जूनियर (कैडेट) स्तर की प्रतियोगिता होगी। सत्र में हर वर्ग (सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले केवल 32-32 तीरंदाजों को इस प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। खिलाड़ियों का चयन हैदराबाद, सरायकेला (झारखंड), अमरावती (महाराष्ट्र) और नर्मदापुरम (मध्य प्रदेश) में पिछले साल जनवरी से अक्टूबर तक आयोजित घरेलू सर्किट के चार चरणों में उनके प्रदर्शन पर आधारित है। एएआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 50 लाख रुपए होगी, जो यहां 2014 में आयोजित पिछले सत्र में दी गई राशि से दोगुनी है।

### एशियाई जूनियर स्क्वैश : भारतीय पुरुष टीम जीती, महिला टीम हांगकांग से हारी

**चेन्नई।** भारत ने गुरुवार को यहां एचसीएल-एसआरएफआई 21वीं एशियाई जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप में मिश्रित सफलता हासिल की, जिसमें पुरुष टीम ने तीसरी जीत दर्ज की लेकिन महिलाओं को हांगकांग चीन से।-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जूनियर पुरुष टीम ने जापान को 3-0 से हराया। टीम के तीनों खिलाड़ी शौर्य बावा, पार्थ अंबानी और कृष्णा मिश्रा ने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज की।

## सीनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 15 से, पुरुषों की स्पर्धा अप्रैल में होगी

हॉकी इंडिया का घरेलू सत्र सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के साथ 15 फरवरी से आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में शुरू होगा। ओडिशा ने पिछले साल फाइनल में कर्नाटक को 2-0 से हराकर खिताब जीता था। हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप का तीसरा सत्र 26 फरवरी से बेंगलुरु में शुरू होगा। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) इसका मौजूदा चैम्पियन है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के लिए विशेष रूप से आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप के पहले सत्र के बाद ही जुगराज सिंह और सुखजीत सिंह जैसे खिलाड़ियों को 2022 में सीनियर राष्ट्रीय शिविर में बुलाया गया था। इस साल मार्च में राउरकेला में भारतीय पुरुष टीम एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो लीग के घरेलू मैचों में जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। पुरुषों का घरेलू सत्र अप्रैल में 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के साथ शुरू होगा।

## खेलो इंडिया शीतकालीन खेल में भाग लेंगे 1500 से अधिक खिलाड़ी

**गुलमर्ग।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि गुलमर्ग में होने वाला खेलो इंडिया शीतकालीन खेल अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा जिसमें छह दिनों में 11 स्पर्धाओं में देश भर से 1500 खिलाड़ी भाग लेंगे। ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा, अगले छह दिनों की अवधि में 11 खेल आयोजनों में भाग लेने के लिए देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 1500 से अधिक खिलाड़ी यहां पहुंचे हैं। यह देश में शीतकालीन खेलों का अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा। ठाकुर ने इस मौके पर तंगमर्ग में स्नो क्रिकेट मैच में भी भाग लिया जहां उनका गर्मजोशी से पारंपरिक स्वागत किया गया।

# नार्थ ईस्टर्न रेलवे की जीत

### ● बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग

**लखनऊ।** उपेंद्र यादव-82और अन्नू -49 की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दम पर नार्थ ईस्टर्न रेलवे ने जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को 35 रन से शिकस्त दी। चौक स्टेडियम पर खेले गए इस मुकाबले में एनईआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में सात विकेट पर 230 रन का मजबूत स्कोर बनाया। अवनीश कुमार सिंह-9 और सौरभ दुबे-25 ने पहले विकेट के लिए 29 रन जोड़े। जवाब में कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब की टीम 33.1 ओवर में 195 रन ही बना सकी।

## विवान अंडर-10 टेनिस चैंपियन



**लखनऊ।** गुरुकुल अकादमी के प्राथमिक वर्ग के कक्षा 2 के छात्र विवान श्रीवास्तव को स्टेट लॉन टेनिस चैंपियनशिप अंडर-10 का विजेता घोषित किया गया। उन्होंने शहर स्तरीय लॉन टेनिस चैंपियनशिप के कई दौर जीतने के बाद राज्य स्तरीय लॉन टेनिस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

### 337 लड़कियों को दिया गया सेल्फडिफेंस ट्रेनिंग

**बरेली।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से जिले के कलेक्टरगंज राजकीय आईटीआई और वर्ल्ड बैंक महिला आईटीआई में आयोजित तीन दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग का समापन हुआ। दोनों आईटीआई में मिलाकर कुल 337 लड़कियों ने प्रशिक्षण हासिल किया। इस मौके पर दोनों आईटीआई के प्रिंसिपलों ने लड़कियों को चेन अलार्म, सुरक्षा सीटीए स्प्रे और स्टिंगर युक्त निर्भया किट् भी दिए। इस कार्यक्रम का मकसद लड़कियों को आत्मरक्षा तकनीक और रणनीति सीखाकर उन्हें सशक्त बनाना है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत राज्य के 16 शहरों में 10 हजार लड़कियों के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दिया जा रहा है। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अंतगर्त कार्यरत स्पोर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन, फिटनेस एंड लीजर, स्किल्स काउंसिल की निगरानी में स्किल्ड ट्रेनर लड़कियों को प्रशिक्षण दिया है।

# मैकडोनाल्ड हारे, टियाफो डेलास ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**फ्रांसिस टियाफो** ने हमवतन अमेरिकी मैकेंजी मैकडोनाल्ड को बुधवार को यहां सीधे सेट में हराकर डेलास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे वरीय टियाफो ने मैकडोनाल्ड को 58 मिनट में 6-।, 6-3 से हराया। दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी टियाफो अगले दौर में एक अन्य अमेरिकी जेजे वोल्फ से भिड़ेंगे जिन्होंने दूसरे दौर के मुकाबले में राडू एल्बोट को 6-3, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

### महिला क्रिकेटर सम्मनित

**अहमदाबाद-लखनऊ।** क्रिकहीरोज अवाड्र्स 2022 ने महिलाओं को पुरस्कार दिया है। इन पुरस्कारों में भारतीय क्रिकेटर किरण नागवीरे सहित अंतराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी भी शामिल थीं। इस वर्ष दो नई श्रेणियों राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय शामिल की गईं जिनमें क्रमश: 10 और 30 श्रेणियां थीं। इन पुरस्कारों की मेजबानी प्रसिद्ध ब्रॉडकास्टर और कमेंटेटर जतिन सप्रू ने की। क्रिकहीरोज के संस्थापक अभिषेक देसाई ने कहा कि हम जमीनी स्तर के क्रि केटरों को उनके विकास में मदद करने और खेल में अपना करियर बनाने में मदद करने पर ध्यान देना जारी रखेंगे। राष्ट्रीय स्तर की महिला क्रिकेटरों की श्रेणी में जयपुर की तनिका शर्मा सुर्खियों में छा गईं क्योंकि उन्हें बैटर ऑफद ईयर और बॉलर ऑफ द ईयर दोनों पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। किरण नवगीरे को 38 पारियों में 69 छक्के मारने के लिए हार्ड हिटर ऑफ द ईयर् पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गुरुग्राम के साची ग्रोवर की 223 रन की पारी को इनिंग ऑफद ईयर चुना गया। कुरुक्षेत्र की अक्षरा सैनी को फ्ष्ील्डर ऑफद ईयर और नई दिल्ली की निशिका सिंह को विकेटकीपर ऑफद ईयरका पुरस्कार मिला।




# भूकंप से मरने वालों की संख्या 19,300 से अधिक हुई



**तुर्किए** और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप से प्रभावित क्षेत्र में ढहे घरों के मलबे से और शव निकाले जाने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 19,300 से अधिक हो गई है। तुर्किए और सीरिया में आए भूकंप के तीन दिन बाद बेघर हो चुके हजारों लोग एक शिविर के पास एकत्र हो गए और कड़ाके की ठंड में भोजन और पानी के लिए चिल्लाने लगे। इस बीच, राहतकर्मी मलबे के ढेर में दबी जिंदगी तलाशने में जुटे रहे तथा हादसे में जीवित बचे कई और लोगों को आज निकाल लिया गया।
तुर्किए के अंताक्या शहर में बड़ी संख्या में लोग बच्चों के कोट और अन्य सामान बांट रहे एक ट्रक के आगे मदद के लिए दौड़ पड़े। समाचार एजेंसी आईएचए ने बताया कि अंताक्या शहर में रात भर काम करने वाले आपातकालीन कर्मचारियों ने एक इमारत के खंडहर से हेजल गनेर नाम की एक लड़की को बचाया तथा लड़की के पिता सोनेर गनेर को भी बचा लिया गया। जैसे ही सोनेर को एम्बुलेंस में ले जाया जाने लगा, बचाव दल ने उन्हें बताया कि उनकी बेटी जीवित है और वे उसे इलाज के लिए उसी फील्ड अस्पताल में ले जा रहे हैं। अपनी बेहद कमजोर आवाज में सोनेर ने बचावदल के कर्मियों से कहा, मैं आप सभी से प्यार करता हूं। डीएचए समाचार एजेंसी ने बताया कि अंताक्या के पूर्व में स्थित दियारबाकिर में बचाव दल ने एक घायल महिला को सुबह एक ढही हुई इमारत से जीवित निकाल लिया। महिला के बगल में तीन लोग हालांकि मलबे में मृत पाए गए। इस बीच, भूकंप के बाद से विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तर-पश्चिमी सीरिया में बृहस्पतिवार की सुबह संयुक्त राष्ट्र का एक सहायता ट्रक तुर्किए से पहुंचा। भूकंप से जान-माल को हुए नुकसान के बीच लाखों लोग बेघर भी हो गए हैं। अंताक्या में सेरप अर्सलान नाम की एक महिला रोते हुए उस इमारत के मलबे को देख रही थी जिसके नीचे उसकी मां और भाई दबे हुए हैं। सेरप ने कहा कि यहां भारी मलबे को हटाने के लिए तंत्र ने बुधवार से काम शुरू किया है। सरकार की प्रतिक्रिया के बेहद धीमी होने को लेकर आलोचनाओं के बीच राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन का बृहस्पतिवार को भूकंप प्रभावित प्रांत गाजियांतेप, ओस्मानिया और किलिस का दौरा करने का कार्यक्रम है। एर्दोआन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके देश में मरने वालों की संख्या 16,100 से अधिक हो गई है जबकि 64,000 से अधिक घायल हुए हैं। सीरिया में 3,100 से अधिक लोगों के मारे जाने और पांच हजार से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। बचावकर्मियों ने क्षतिग्रस्त घरों के मलबों में जीवित बचे लोगों की तलाश जारी रखी है। तुर्किए की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि।,10,000 से अधिक बचावकर्मी अब अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।

## विनाशकारी भूकंप के चौथे दिन राहत सामग्री लेकर सीरिया पहुंचे ट्रक

**बाब अल-हावा। विनाशकारी भू**कंप के चौथे दिन बृहस्पतिवार को राहत सामग्री से लदे ट्रकों ने तुर्किए के रास्ते सीरिया में प्रवेश किया। भूकंप से प्रभावित सीरिया के उत्तर-पश्चिम प्रांत में छह ट्रकों से दवाइयां, कंबल, तंबू और अन्य राहत सामग्री भेजी गई है। यह प्रांत विद्रोहियों के नियंत्रण में है। वहीं, सीरिया में गृह युद्ध के चलते तुर्किए चले गए उन सीरियाई शरणार्थियों के शव भी तुर्किए-सीरिया सीमा की बाब अल-हावा चौकी के रास्ते स्वदेश वापस भेजे गए, जिनकी सोमवार को आए 7.8 तीव्रता के भूकंप के कारण हुई तबाही में मौत हो गई।संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक समझौते के तहत, बाब अल-हावा एकमात्र चौकी है, जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा तुर्किए से प्रांत तक सहायता पहुंचाने के लिए उपयोग करने की अनुमति है।

# इंडोनेशिया में 5.1 तीव्रता का भूकंप, चार की मौत

**इंडोनेशिया के** पूर्वी प्रांत पापुआ में बृहस्पतिवार को आए 5.1 तीव्रता के भूकंप में चार लोगों की मौत हो गई। वे एक तैरते रेस्तरां पर थे जो समुद्र में गिर गया और वे उससे बाहर नहीं निकल सके। अमेरिकी भूभर्गीय सर्वेक्षण ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 5.1 थी जो पापुआ के उत्तरी तट के पास जयापुरा के आवासीय इलाके में आया। उसके मुताबिक, इसका केंद्र 22 किलोमीटर की गहराई में था। इस तरह के भूकंप पृथ्वी की सतह पर अक्सर अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। पापुआ की राजधानी जयापुरा की निवासी टी आसीह ने कहा, लोग दहशत में आ गए थे। मैं कार में थी और मुझे महसूस हुआ कि कार के पहिए उठ गए हैं।
अधिकारियों ने बताया कि भूकंप की वजह से तैरता रेस्तरां समुद्र में गिर गया जिस वजह से उसपर मौजूद चार लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय आपदा शमन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने पत्रकार वार्ता में कहा, चारों शव निकाल लिए गए हैं। पीड़ित कैफे के मलबे में फंस गए थे और उनपर छत गिर पड़ी थी। गोताखोर रेस्तरां के आसपास के हिस्से की तलाशी लेकर यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं वहां और कोई तो नहीं था।

## केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन श्रीलंका की चार दिवसीय यात्रा पर जाफना पहुंचे

**केंद्रीय सूचना** एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन श्रीलंका की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर बृहस्पतिवार को जाफना पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि मुरुगन इस दौरान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और देश के अन्य शीर्ष नेताओं से मिलेंगे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार के अनुदान से निर्मित जाफना सांस्कृतिक केंद्र को श्रीलंका के लोगों को समर्पित करेंगे। इस केंद्र का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2015 में किया था। भारतीय उच्चायोग के अनुसार, जाफना पहुंचने पर केन्द्रीय मंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उन्होंने जाफना सार्वजनिक पुस्तकालय के भारतीय खंड में डॉक्टर ए. पी.जे. अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि भी दी। उच्चायोग ने बताया कि मुरुगन ने गवर्नर जीवन थियागराज से मुलाकात की और भारत द्वारा जाफना तथा क्षेत्र को विकास साझेदारी में दिए जाने वाले महत्व के रेखांकित किया। बयान के अनुसार, केन्द्रीय मंत्री ने इस पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पड़ोसी प्रथम की नीति के तहत भारत भविष्य में भी सहयोग करना जारी रखेगा। उच्चायोग ने ट्वीट किया, श्रीलंका के लोगों के प्रति भारत की प्रतिबद्धताओं का प्रदर्शन। केन्द्रीय मंत्री मुरुगन ने जाफना में 250 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन दिया। सरकारी बयान के अनुसार, केन्द्रीय मंत्री नौ से 12 फरवरी तक इस यात्रा के दौरान ऐसे विभिन्न स्थलों का दौरा करेंगे जो श्रीलंका में भारत सरकार की जन-केंद्रित विकास साझेदारी के पैमाने और सीमा को रेखांकित करते हैं।

# डिजिटल माध्यम पर शुरुआत के लिए फर्जी से अच्छा मौका नहीं हो सकता था: शाहिद कपूर



बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने कहा कि वह इस बात को लेकर उत्सुक हैं कि डिजिटल मंच पर प्रसारित होने वाली उनकी पहली सीरीज़ फ़र्ज़ी को लेकर उनके प्रशंसक कैसी प्रतिक्रिया देंगे। कपूर दो दशक के फिल्मी करियर के बाद राज निदिमोरु और कृष्णा डीके की फ़र्ज़ी से ऑनलाइन मंच की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। प्राइम वीडियो शो पर प्रसारित होने वाली सीरीज़ में कपूर ने सन्नी का किरदार निभाया है, जो महत्वाकांक्षी मुंबईकर है और प्रतिस्पर्धी दुनिया में खुद मुकाम बनाने की कोशिश में रहता है। अभिनेता ने एक बयान में कहा, मैं बहुत खुश हूं और लोग क्या सोचते हैं और क्या पसंद करते हैं, यह देखने को बहुत उत्सुक हूं। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं भी सीरीज़ से बहुत संतुष्ट हूं। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि डिजिटल माध्यम पर शुरुआत करने के लिए इससे अच्छा मौका कोई और नहीं हो सकता था। फ़र्ज़ी आठ कड़ियों वाली सीरीज़ है, जिसमें दक्षिण के अभिनेता विजय सेतुपथी, के के मेनन, राशि खन्ना, भुवन अरोड़ा, अमोल पालेकर और रेजिना कैसेंड्रा भी हैं। इस सीरीज़ का प्रसारण 10 फरवरी से शुरू होगा।

# अपनी जर्नी का वीडियो देख इमोशनल हुईं प्रियंका

प्रियंका चाहर चौधरी बिग बॉस 16 की सबसे मजबूत फाइनलिस्ट में से एक हैं। वह बीबी 16 ट्रॉफी की भी प्रबल दावेदार हैं। इस सप्ताह के अंत में शो के समापन से पहले बिग बॉस ने शो में उनकी यात्रा का विवरण देते हुए एक क्लिप चलाकर अभिनेत्री को चौंका दिया। वीडियो देखकर प्रियंका बेहद इमोशनल हो गईं और इसे अपनी जिंदगी का सबसे अच्छा दिन बताया। घर में हमेशा अपनी राय रखने के लिए बिग बॉस द्वारा भी उनकी प्रशंसा की गई। प्रोमो वीडियो में प्रियंका चाहर चौधरी को काली साड़ी में अपनी यात्रा के वीडियो को देखने के लिए सीढ़ियों पर चढ़ते हुए देखा जा सकता है। प्रोमो में बिग बॉस को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि भले ही अभिनेत्री अपने दोस्त अंकित गुप्ता के साथ घर के अंदर आयी गई, लेकिन वह ज्यादातर समय अकेली ही रही। ऐसा करने के लिए बहुत हिम्मत, विचारों की बहुत स्पष्टता, बहुत आत्मविश्वास लगता है, प्रियंका अपना नज़रिया डंकें की चोट पर सबके सामने, सबके मुह पर बोलती हैं। बीबी ने कहा कहते हैं कि प्रियंका चाहर चौधरी, आप की आवाज घरवालों को पसंद हो ना हो, लेकिन दिलों तक जरूर पहुंच चुकी है। जब जब बिग बॉस 16 का नाम लिया जाएगा, आप की आवाज़ लोगों के ज़हन में ज़रूर आएगी। बॉस 16 पर चर्चा होगी, आपकी आवाज का विशेष उल्लेख होगा। प्रियंका भावुक हो गईं और कहा कि यह उनके जीवन का सबसे अच्छा दिन है। सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस 16, 1 अक्टूबर, 2022 को प्रीमियर हुआ। रियलिटी शो का ग्रैंड फिनाले इस सप्ताह के अंत में होगा। बीबी 16 कलर्स टीवी पर प्रसारित होता है। शो में फाइनलिस्ट होने वाली हस्तियां शालिन भनोट, एमसी स्टेन, प्रियंका चौधरी, अर्चना गौतम और शिव ठाकरे हैं। इस बीच, निमृत कौर अहलूवालिया, सुम्बुल तौकीर खान, टीना दत्ता, सौंदर्या शर्मा, श्रीजिता डे, साजिद खान, अब्दु रोज़िक, विकास मानकतला, अंकित गुप्ता, गौतम विग, गोरी नागोरी और मान्या सिंह पहले घर से बाहर हो गए थे। सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस 16, 1 अक्टूबर, 2022 को प्रीमियर हुआ। रियलिटी शो का ग्रैंड फिनाले इस सप्ताह के अंत में होगा। बीबी 16 कलर्स टीवी पर प्रसारित होता है। शो में फाइनलिस्ट होने वाली हस्तियां शालिन भनोट, एमसी स्टेन, प्रियंका चौधरी, अर्चना गौतम और शिव ठाकरे हैं। इस बीच, निमृत कौर अहलूवालिया, सुम्बुल तौकीर खान, टीना दत्ता, सौंदर्या शर्मा, श्रीजिता डे, साजिद खान, अब्दु रोज़िक, विकास मानकतला, अंकित गुप्ता, गौतम विग, गोरी नागोरी और मान्या सिंह पहले घर से बाहर हो गए थे।



# संसद में की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिल्म पठान की तारीफ?

शाहरुख खान की फिल्म लगातार रिकोर्ड पर रिकॉर्ड तोड़ रही हैं। फिल्म पठान हाल के दिनों में बॉलीवुड की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। चार साल के लंबे अंतराल के बाद लोगों के पसंदीदा सुपरस्टार शाहरुख खान को देखने के लिए प्रशंसक सिनेमाघरों में उमड़ रहे हैं! पहले यह बताया गया था कि पठान ने कश्मीर के 32 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। 32 साल पहले कश्मीर में सिनेमाघरों के बाहर हाउसफुल बोर्ड लगाए गये थे अब एक बार फिर से पठान को लेकर लोगों के दिलों में वही क्रेज देखा गया। फैंस और सेलेब्स ही नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अब पठान की तारीफ की है। अपने हालिया संसद भाषण के दौरान, प्रधानमंत्री ने श्रीनगर में पठान के हाउसफुल शो होने का जिक्र किया और तारीफ की। पीएम ने किसी फिल्म का नाम नहीं लिया लेकिन इस वक्त कश्मीर में पठान के सारे शो रिलीज के समय हाउसफुल थे। 25 जनवरी को रिलीज़ हुई पठान टिकट खिड़की पर धमाल मचा रही है। दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम अभिनीत इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बम्पर शुरुआत की। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में अपने नवीनतम भाषण में पठान की प्रशंसा की। उन्होंने फिल्म की विश्वव्यापी सफलता को संबोधित किया और उल्लेख किया कि कैसे दशकों के बाद श्रीनगर में सिनेमाघर हाउसफुल चल रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा था कि वे बॉलीवुड हस्तियों और फिल्मों के बारे में अनावश्यक टिप्पणी करने से बचें। पठान के खिलाफ बहिष्कार के आह्वान के बाद यह आया। पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम पहली बार साथ आए हैं। फिल्म सिद्धार्थ आनंद द्वारा लिखित और निर्देशित है और यशराज फिल्म्स द्वारा बैंकरोल की गई है। यह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में चौथी किस्त है, और जीरो (2018) के बाद खान की वापसी फिल्म है। फिल्म 25 जनवरी, 2023 को तमिल और तेलुगु में डब किए गए संस्करणों के साथ रिलीज़ हुई। फिल्म में सलमान खान ने एक धमाकेदार कैमियो भी देखा था। फिल्म में शाहरुख खान पठान नाम के एक रॉ फील्ड एजेंट के रूप में नजर आ रहे हैं। पठान का संगीत विशाल-शेखर द्वारा रचित है और स्कोर संचित बलहारा और अंकित बल्हारा द्वारा रचित है।





# माता-पिता से झूठ बोलकर मुंबई आई थीं पिया बाजपेयी

छोटे शहरों से लोग बड़े सपने संजोकर मायनगरी में दस्तक देते हैं। मगर, यहां की जमीं पर कदम रखते ही उनका सामना एक नई दुनिया से होता है। गला काट प्रतियोगिता वाली वह दुनिया, जहां संघर्ष के बूते ही जिंदगी बसर की जा सकती है। लड़कियों के लिए यहां और मुसीबतें हैं। ऐसी ही मुसीबतों से दो-चार हुई एक्ट्रेस पिया बाजयेपी। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के इटावा की रहने वाली पिया के लिए मुंबई आना और यहां खुद को स्थापित करना काफी मुश्किल रहा। वह माता-पिता से झूठ बोलकर मुंबई आई थीं। लाल रंग, मिर्जा जूलियट और लॉस्ट जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं पिया ने हाल ही में एक मीडिया संस्थान को दिए इंटरव्यू में बताया कि वर्षों पहले जब उन्होंने अपना शहर छोड़ा तो उन्हें खुद पर इतना यकीन तो था कि वह कुछ बनकर ही लौटेंगी। हालांकि, इटावा के शीर्ष 10 लोगों में वह जगह बना पाएंगी, इसका विचार तक उन्हें नहीं था। पिया के मुताबिक एक कंप्यूटर कोर्स करने के बाद उन्होंने नोएडा में रिसेप्शन की नौकरी की। मगर, उस नौकरी में उनका मन नहीं लगा। पिया एक्टिंग की दुनिया में किस्मत चमकाना चाहती थीं और उन्होंने पिता से मुंबई जाने की जिद की। वे तैयार न हुए तो पिया ने अपने पिता से झूठ बोला कि एक टीवी शो में काम करने का ऑफर मिला है। घरवालों ने भी यकीन कर लिया और इस तरह मुंबई जाने का सफर शुरू हुआ। पिया के मुताबिक मुंबई पहुंचने के बाद उनके पास रहने का कोई ठिकाना नहीं थी। शुरुआत में वह दो दिन दादर के एक लॉज में ठहरीं। इसके बाद वह अंधेरी शिफ्ट हुईं। वहां उन्हें एक चॉल में एक पीजी में जगह तो मिली, लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें कुत्ते के साथ रूम शेयर करना था। बातचीत के दौरान पिया ने कहा कि एक तो कमरा इतना छोटा था, ऊपर से मुझे अपना सामान ऊपर टांगकर रखना पड़ता था, क्योंकि वो कुत्ता मेरा सामान नोच लेता था। इस दौरान पिया ने एक मैगजीन प्रकाश में कोर्डिनेशन का काम किया। पिया के मुताबिक जिस दफ्तर में वह काम करती थीं, उसके मालिक ने उन्हें खाने-पीने की सुविधा तो मुहैया करा दी, लेकिन सिर पर छत अब तक नहीं थी। उन्होंने मालिक से दफ्तर में ही रहने के लिए पूछा तो जवाब मिला कि इसकी इजाजत नहीं है। इसका हल भी पिया ने निकाला और कहा कि शाम को काम के बाद मुझे अंदर बंद कर जाया करें। मालिक ने पिया की मजबूरी समझी और इस तरह उन्हें रहने का ठिकाना भी मिल गया। अब वह दफ्तर ही उनके लिए घर हो गया। संघर्ष करते हुए पिया को एक गुजराती टूथपेस्ट का विज्ञापन मिला। फिर धीरे-धीरे प्रिंट एड में काम मिलने लगा। इसके बाद उन्होंने एक बड़े ब्रांड के साबुन का एड मिला, जिसके लिए उन्हें अच्छी फीस मिली। विज्ञापन की दुनिया में खुद को स्थापित करने के बाद पिया ने दक्षिण इंडस्ट्री का रुख किया।

# ब्रेकअप के बाद उदयपुर में फिर साथ नजर आए कार्तिक और सारा

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी फिल्म शहजादा को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जल्द ही यह फिल्म रिलीज होने वाली है और कार्तिक जोर-शोर से फिल्म को प्रमोट करने में जुटे हुए हैं। वहीं, अब कार्तिक आर्यन को सारा अली खान के साथ स्पॉट किया गया, जिसे देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं हैं। दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को बिना टैग किए उदयपुर में होने की स्टोरी साझा की थी, जिससे लग रहा है कि दोनों उदयपुर में ही मिले हैं। दरअसल, सारा अली खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर उदयपुर की दो तस्वीरों का एक कोलाज शेयर किया था। एक उस होटल की तस्वीर थी जिसमें वह ठहरी हुई थीं, तो दूसरी में उनकी राजस्थानी थाली की झलक थी। वहीं, बुधवार को कार्तिक ने उदयपुर में झील के किनारे की एक तस्वीर साझा की। इसके बाद उन्होंने अपना चेहरा दिखाए बिना नाव की सवारी का एक और छोटा वीडियो साझा किया था। सोशल मीडिया पर कार्तिक आर्यन और सारा अली खान की यह तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। पहली तस्वीर में सारा के साथ नजर आ रहे कार्तिक का चेहरा पूरा नहीं दिखाई दे रहा है, तो दूसरे में दोनों बात करते नजर आ रहे हैं। जहां कार्तिक चेक शर्ट में नजर आ रहे हैं, वहीं सारा सफेद क्रॉप टॉप और ब्लैक टाइट्स में नजर आ रही हैं। दोनों किसी बातचीत में खोए हुए नजर आ रहे हैं। दोनों की ये तस्वीर देखने के बाद फैंस भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, सार्तिक की जोड़ी जादुई है, अगर दोनों एक साथ वापस आ जाते हैं तो कोई भी जोड़ी उनका मुकाबला नहीं कर सकती है, तो दूसरे ने लिखा, ऐसा महसूस हो रहा है कि कुछ भी नहीं बदला है, बिल्कुल पुरानी तरह की वाइब्स रही हैं। दोनों का आई कॉन्टेक्ट। बता दें कि कार्तिक आर्यन और सारा अली खान 2020 में आई इम्तियाज अली की फिल्म लव आज कल में साथ नजर आए थे। दोनों की जोड़ी को फैंस ने भी काफी पसंद किया था और कहा जाता है कि कुछ समय के लिए वे डेटिंग कर रहे थे। कॉफी विद करण सीजन 7 के दौरान करण जौहर ने पुष्टि की थी कि दोनों वास्तव में डेटिंग कर रहे थे और उनका ब्रेकअप हो गया।





# श्रीदेवी-द लाइफ ऑफ ए लीजेंड की रिलीज का हुआ एलान

इसमें कोई दो राय नहीं है कि श्रीदेवी भारतीय सिनेमा की बेहतरीन अदाकाराओं में से एक थीं। मशहूर अभिनेत्री ने अपने बहतरीन प्रदर्शन, बेहद खास व्यक्तित्व और स्क्रीन जादुई अभिनय से कई लोगों को हमेशा अचंभित किया था। हालांकि, अपने बेहतरीन करियर और खूबसूरती से लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ने वाली श्रीदेवी का दुर्भाग्य से साल 2018 में निधन हो गया था। अभिनेत्री ने निधन ने पूरी इंडस्ट्री को एक गहरा सदमा दिया था। लेकिन सिनेमा जगत ने अभिनेत्री की याद में उनके जीवन पर श्रीदेवी – द लाइफ ऑफ ए लीजेंड नाम की एक किताब का एलान किया था। यह एक ऐसी किताब होगी, जो श्रीदेवी के जीवन और करियर के मुख्य पहलुओं को सभी के सामने पेश करेगी। इस किताब को लेकर अब एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। श्रीदेवी – द लाइफ ऑफ ए लीजेंड के एलान के बाद से ही श्रीदेवी के फैंस को अभिनेत्री के जीवन पर लिखी जा रही इस किताब रिलीज होने का इंतजार रहा है। ऐसे में



हमारे पास फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, बोनी कपूर ने श्रीदेवी – द लाइफ ऑफ ए लीजेंड की रिलीज को लेकर एक बड़ा अपडेट साझा किया है। हाल ही में बोनी कपूर ने घोषणा की कि श्रीदेवी के जीवन पर लिखी जा रही किताब पर काम चल रहा है और श्रीदेवी – द लाइफ ऑफ ए लीजेंड को इस साल के अंत तक रिलीज किया जाएगा।

**श्रीदेवी** – द लाइफ ऑफ ए लीजेंड और अपनी पत्नी के बारे में बोलते हुए बोनी कपूर ने ट्वीट किया। निर्माता ने लिखा, श्रीदेवी नेचर की एक शक्ति थीं। जब-जब वह अपने फैंस के सामने स्क्रीन पर अपनी कला का प्रदर्शन किया करती थीं, तब-तब वह सबसे ज्यादा खुश रहती थीं। श्रीदेवी एक निडर इंसान भी थीं। धीरज कुमार वह शख्स हैं, जिन्हें श्रीदेवी अपना परिवार मानती थीं। वह एक रिसर्चर और लेखक हैं। हमें खुशी है कि वह एक ऐसी किताब लिख रहे हैं, जो श्रीदेवी की एक्स्ट्रा ऑडिनरी लाइफ के अनुकूल है। यह किताब वेस्टलैंड बुक्स द्वारा पब्लिश की जाएगी। गौरतलब है, 24 फरवरी 2023 को श्रीदेवी की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनकी याद में अभिनेत्री की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश को चीन में दोबारा रिलीज किया जाएगा। अभिनेत्री की फिल्म इंग्लिश-विंग्लिश भी दर्शकों को काफी पसंद आई थी। गौरी शिंदे के निर्देशन में बनी इस फिल्म का वर्ल्ड प्रिमियर टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में 2012 में किया गया था।

# संस्थानों में नेत्र देखभाल जागरूकता पहल



आर्किटेक्ट धीरज सल्होत्रा
(प्रधान अध्यापक)
ठाकुर स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, मुंबई

शहर में प्रदूषण का स्तर ज्यादा है। शहरों में स्मॉग, एक आम बात हो गई है। यातायात और भीड़भाड़ के कारण यात्रा के समय में वृद्धि ने शहरवासियों के बीच स्वास्थ्य के जोखिम को बढ़ा दिया है।

हाल ही में पूरी तरह से ऑफलाइन से हाइब्रिड लर्निंग मोड के मिश्रण में बदलाव ने स्क्रीन पर छात्रों के एक्सपोजर समय को बढ़ा दिया है, जिससे आंखों के स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा हो गया है।

छात्रों के बीच आंखों की देखभाल के बारे में जागरूकता के स्तर में सुधार के लिए शैक्षणिक संस्थान पहल कर सकते हैं। मुफ्त नेत्र जांच कराने के लिए धर्मा र्थ ट्रस्टों द्वारा समर्थित विभिन्न गैर-सरकारी संगठन हैं।

स्थानीय क्षेत्र में संकाय, कर्म चारियों छात्रों और निवासियों के बीच जागरूकता पैदा करके इन नेत्र जांच अभियानों को आसानी से आयोजित किया जा सकता है। ये रीच आउट गतिविधियां प्रारंभिक अवस्था में ही आंखों से संबंधित बीमारियों की पहचान करने और उनका पता लगाने में मदद कर रही हैं।

छात्रों में रुचि की कमी पाई जाती है या




पठन सामग्री और सूचना के ऑनलाइन संसाधनों का सामना करने की उनकी क्षमता की कमी के लिए उन्हें धीमी शिक्षार्थियों के रूप में लेबल किया जाता है, हालांकि ऐसे कई मामलों में मूल कारण स्क्रीन समय पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थता से संबंधित हो सकता है।

धर्मा र्थकार्य करने वाले ये गैर सरकारी संगठन निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। हालाँकि, संस्थाएँ ऐसी गतिविधियों के प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों को समाज में वापस योगदान के बारे में संवेदनशील बना सकती हैं, लेकिन छात्रों को सहायता के साथ ऐसे धर्मा र्थ संगठनों का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित भी कर सकती हैं। स्थानीय समुदायों के साथ संस्थानों की भागीदारी न केवल स्थानीय नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने में मदद करती है, बल्कि सार्व भौमिक मानवीय मूल्यों की विशेषताओं को मजबूत करने में भी मदद करती है।

छात्र परिषद परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में भाग लेती है और योगदान देती है। संस्थान ढांचागत संसाधनों को साझा करके ऐसी पहलों का समर्थन कर रहे हैं।

स्थानीय समुदाय इस तरह की संस्थागत गतिविधियों से लाभान्वित हुए हैं।

# बजट में एमएसएमई को एवं छोटे कारोबारियों को मिली सौगात

## कैट के अथक प्रयासों से मिली सफलता

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महाराष्ट्र प्रदेश के महामंत्री एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया हमने वित्त मंत्री से गुजारिश की थी टैक्स ऑडिट की सीमा बढ़ाकर 5 करोड़ करने और एमएसएमई में पंजीकृत व्यवसायियों को बेचे हुए माल का भुगतान समय सीमा तय कर उसी के अंदर होना चाहिए उन दोनों मांगों का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में शिकार करते हुए छोटे कारोबारियों को टैक्स ऑडिट के मामले में बड़ी राहत दी है। इन कारोबारियों के लिए presumptive taxation के लिए सालाना कारोबार (टर्नओवर) की सीमा को बढ़ाकर 3 करोड़ रुपये तक कर दिया गया है। पहले यह सीमा 2 करोड़ रुपये थी। पेशेवरों के मामले में इस सीमा को 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 75 लाख रुपये तक कर दिया गया है।Presumptive taxation योजना को अपनाने से कारोबारियों को टैक्स ऑडिट से छूट मिलती है। इस योजना के तहत इन कारोबारियों के लिए आय सालाना कारोबार की 8 फीसदी (नॉन डिजिटल ट्रांजैक्शन होने पर) मानी जाती है। डिजिटल ट्रांजैक्शन के मामले में आय 6 फीसदी मानी जाती है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा कि छोटे कारोबारी हमारी अर्थव्यवस्था की प्रगति का इंजन है। अभी तक 2 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले छोटे कारोबारी और 50 लाख रुपये तक टर्नओवर वाले कुछ



पेशेवर presumptive taxation का लाभ उठा सकते हैं।मैं इन सीमाओं को उन करदाताओं के लिए क्रमशः 3 करोड़ रुपये और 75 लाख रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव करती हूं, जिनकी नकदी प्राप्तियां 5 फीसदी से अधिक नहीं है। बजट में MSME को समय पर भुगतान प्राप्त होने की सहायता के लिए और कॉलेटरल फ्री कर्ज के लिए भी प्रावधान किए गए हैं।कैट के महाराष्ट्र प्रदेश के वरिष्ठ अध्यक्ष महेश बखाई ने कहा कि यह बजट देश को नई दिशा और आर्थिक तौर पर मजबूती प्रदान करने वाला है। इसमें छोटे कारोबारियों के लिए भी अच्छे प्रावधान किए गए है। छोटे कारोबारियों को कॉलेटरल फ्री ऋण की सुविधा बढ़ाने के लिए 9,000 करोड़ रुपये क्रेडिट गारंटी फंड के तहत आवंटित किए गए हैं। इससे एमएसएमई को 2 लाख करोड़ रुपये के कॉलेटरल फ्री फंड की गारंटी दी जाएगी।इससे MSME के फंड लागत में एक फीसदी कमी आएगी। MSME को भुगतान की समय पर प्राप्ति हो, इसके लिए खरीदार को भुगतान पर किए गए व्यय के लिए कटौती की अनुमति तभी दी जाएगी, जब भुगतान वास्तव में किया गया हो।कोरोना महामारी के कारण प्रभावित हुई जिन एमएसएमई की बैंक गारंटी जब्त कर ली गई थी या जिन पर जुर्माना लगाया गया था, अब जब्त की गई 95 फीसदी राशि को वापस (reimburse) करना प्रस्तावित किया गया है। कैट कि महानगर अध्यक्ष दिलीप माहेश्वरी ने कहा presumptive taxation की सीमा बढ़ाना छोटे कारोबारियों के लिए बड़ी राहत है। आयकर छूट में बढ़ोतरी के प्रस्ताव से आम करदाताओं के साथ ही छोटे कारोबारियों को भी फायदा होगा।

**: कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, महाराष्ट्र प्रदेश महामंत्री : श्री शंकर ठक्कर**

# शक्ति जनहित महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा हेमलता सिंह ने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन



नालासोपारा। संतोष भुवन के कई क्षेत्रों में खासकर राणा प्रताप रिक्शा स्टैंड, ओम नगर, श्रमिक नगर, भक्ति धाम, लसावीर नगर, लसावीर पहाड़ी, बावशेत पाड़ा, शर्मावाड़ी, कारगिल, ठाकुर नगर सहित कई स्थानों पर लोकल अवारा लड़कों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। ये लोग तमाम तरह के नशे, चरस, गांजा, अफीम और गावठी दारू पीकर उत्पात मचाते रहते हैं। यही नहीं ये लोग यहां से आने-जाने वाली युवतियों, छात्राओं और महिलाओं पर अभद्र टिप्पड़ी और फब्तियां कसते रहते हैं। कभी कभी तो मौका देखकर सरेआम छेड़छाड़ करने से भी बाज नहीं आते। स्थानीय रहिवासियों का कहना है कि अब तो शोहदों का ऐसा आतंक हो गया है कि हमारी बहन-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ये मनचले आए दिन बवाल करते हैं और विरोध करने पर हाथापाई पर उतारू हो जाते हैं। इतना ही नहीं, एक महिला ने तो यहां तक आरोप लगाया कि उनकी बेटियों को मनचले पिछले काफी दिनों से परेशान कर रहे हैं और इसी के चलते यहां से छोड़कर कहीं चले जाने की नौबत आ गयी है। एक अन्य युवक ने बताया कि मनचलों ने गलियों में बाइक लगाकर कुछ युवतियों का रास्ता रोका था। विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की। अब लगातार हरकत कर रहे हैं। ऐसे में मोहल्ला छोड़कर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। रहिवासियों की शिकायत पर शक्ति जनहित महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा हेमलता सिंह ने तुलिंज पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शैलेन्द्र रघुनाथ नगरकर को पत्र देकर तत्काल कोई ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया है।

हेमलता सिंह ने पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि लसावीर एवं बावसेत पाड़ा के कुछ इलाकों में देशी दारू बेची जाती है और जुआ खेला जाता है। अतः पुलिस प्रशासन से निवेदन है कि एक टीम बनाकर इन नशेड़ी युवकों पर कारवाई करे और इन इलाकों में गश्त बढ़ाए, जिससे लोगों को राहत मिले।

**- संतोष साहू**

# महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र 27 फरवरी से



मुंबई। महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट अधिवेशन सोमवार 27 फरवरी से शुरू होकर 25 मार्च 2023 तक चलेगा। अधिवेशन के दौरान वर्ष 2023-24 का बजट गुरुवार 9 मार्च को पेश किया जाएगा। बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी के अभिभाषण से होगी। विधानसभा और विधान परिषद कामकाज सलाहकार समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस पहली बार राज्य का बजट पेश करेंगे। अभी हॉल ही में "जय जय महाराष्ट्र माझा" को महाराष्ट्र का राज्य गीत घोषित किया गया है। यह "वंदे मातरम्" के बाद दोनों सदनों में बजाया जाएगा। बुधवार को हुई विधानसभा कामकाज सलाहकार समिति की बैठक विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और विधान परिषद कामकाज सलाहकार समिति की बैठक उपसभापति डॉ.नीलम गोरे की अध्यक्षता में विधानभवन में हुई। इन बैठकों में विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरी झिरवाल, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार, वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल विधानमंडल सदस्य अशोक, चव्हाण, एकनाथ खडसे, छगन भुजबल, जयंत पाटिल, आशीष शेलार, अनिल परब, प्रसाद लाड, प्रवीण दरेकर, कपिल पाटिल, अमीन पटेल और विधानमंडल के प्रधान सचिव राजेंद्र भागवत ने भाग लिया।

# नागरिकों के मूलभूत समस्याओं को लेकर वीवीएमसी आयुक्त को गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव (संजू) ने सौंपा ज्ञापन



नालासोपारा। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'शक्ति जनहित मंच' के संस्थापक अध्यक्ष व बीजेपी वसई विरार जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव (संजू) ने वीवीएमसी आयुक्त अनिल पवार से भेंट कर उन्हें नागरिकों की समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाई की मांग की। गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव (संजू) ने आयुक्त पवार को दादासाहेब फाल्के की तस्वीर भेंटकर उनका सत्कार किया। गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव (संजू) ने बताया कि हमारी संस्था को नागरिकों द्वारा संतोष भुवन क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर शिकायत पत्र दिया है, और वही पत्र वीवीएमसी कार्या लयमें भी भेजा गया था।

रहिवासियों का कहना है कि क्षेत्र में खासकर प्रभाग समिति फ में समस्याओं को अम्बार लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस हमेशा देश और राज्य के विकास पर दिन रात काम कर रहे हैं जिसका हमें गर्व है, लेकिन मुझे लगता कि वसई विरार शहर खास करके प्रभाग समिति फ, अभी भी विकास और स्वछता से काफी दूर है। हमें ऐसा लगता है कि प्रभाग समिति फ के अधिकारी सिर्फ कागज पर ही क्षेत्र का विकास दिखा रहे हैं।इसलिए हमने स्वयं आयुक्त से मिलकर संतोष भुवन, बिलाल पाड़ा और धनिव बाग में कई क्षेत्रों में पर्या प्त पानी की आपूर्ति ना होने पर, साफ सफाई, नाले और गटर की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, रोड की मरम्मत, समय पर कचरा गाडी का न आना, सार्व जनिक शौचालय का अभाव और ऐसी कई अन्य समस्याओं का समाधान हेतु निवेदन पत्र दिया है। आयुक्त ने भी जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किये जाने का आश्वासन दिया है।

# बेलापुर-गेटवे ऑफ इंडिया के बीच वॉटर टैक्सी शुरू

मुंबई। बेलापुर से गेटवे ऑफ इंडिया के बीच वॉटर टैक्सी का शुभारंभ हो गया है। बेलापुर से गेटवे ऑफ इंडिया की दूरी 40 किलोमीटर है और सड़क मार्ग से जाने में 1 घंटे 45 मिनट का वक्त लगता है। वहीं बेलापुर से गेटवे का जलमार्ग 24 किलोमीटर लंबा है और यह दूरी एक घंटे में पूरी हो जाएगी। इसका मतलब है कि वाटर टैक्सी से बेलापुर से गेटवे ऑफ इंडिया जाने पर 45 मिनट का समय बचेगा। सामान्य सीट का किराया 250 रुपए जबकि बिजनेस क्लास का किराया 350 रुपए होगा। बेलापुर जेट्टी पर बंदरगाह विकास मंत्री दादाजी भुसे ने



इस वॉटर टैक्सी सुविधा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वॉटर टैक्सी शुरू होने से रोजगार के साथ-साथ पर्यटन सुविधाओं को सृजन होगा। मंत्री ने नयनतारा शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की बोट से बेलापुर से गेटवे ऑफ इंडिया तक का सफर किया। इस सुविधा की दर कम है और इससे समय की बचत होगी। पहले बेलापुर से गेटवे ऑफ इंडिया तक जाने में डेढ़ घंटे का समय लगता था, जब यह कम होकर एक घंटे हो गया है। इस पहल के लिए बंदरगाह विकास विभाग के अधिकारियों के प्रयास अमूल्य थे।

# मुख्यमंत्री बनने के बाद शिंदे का पहला जन्मदिन

मुंबई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को अपना 59वां जन्मदिन मनाया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला जन्मदिन है। मुख्यमंत्री को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित राज्य के कई नेताओं ने बधाई दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार सुबह शिंदे को फोन कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने 50 किलो का केक काटा। राष्ट्रपति ने शिंदे के स्वस्थ, दीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए आज का दिन आपको ताकत देगा। शिंदे ने राष्ट्रपति को शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद दिया। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए एकनाथ शिंदे को जन्मदिन की बधाई देते हुए आप बेहद परिश्रमी, जमीन से जुड़े नेता हैं, जो



महाराष्ट्र के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। मैं आपके स्वास्थ्य और लंबे जीवन की कामना करता हूं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री शिंदे के ठाणे स्थित आवास पर जाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। ठाकरे गुट के सांसद संजय राऊत (Sanjay Raut) ने मुख्यमंत्री शिंदे को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि मैं उन्हें एक सहकर्मी सहित एक व्यक्ति के रूप में बधाई देता हूं। वे मेरे राजनीतिक शत्रु हैं और शत्रु रहेंगे, लेकिन किसी व्यक्ति का जन्मदिन है तो उसे शुभकामनाएं देनी चाहिए। मुख्यमंत्री के ठाणे स्थित आवास पर उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए लोगों की भारी भीड़ जमा थी। ठाणे में कई जगह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने के लिए जगह-जगह बैनर-पोस्टर लगाए गए थे।

# उत्तर प्रदेश में करेंगे 75 हजार करोड़ का अतिरिक्त निवेश : अंबानी



लखनऊ उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डालर की इकोनामी के सपने को पंख लगाते हुये रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने ऐलान किया कि उनका समूह अगले चार सालों में देश के तीसरे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 75 हजार करोड़ का अतिरिक्त निवेश करेगा जिससे एक लाख से अधिक रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुये अंबानी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार भारत के नये ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश में रिलायंस ने अगले चार साल में उत्तर प्रदेश में खुदरा और नवीकरणीय व्यवसायों में अतिरिक्त 75 हजार करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है, जिससे एक लाख से अधिक अतिरिक्त रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। उन्होने कहा कि 2018 तक रिलायंस उत्तर प्रदेश में 50 हजार करोड़ रूपये का निवेश कर चुकी है। अगले चार सालों में समूह की 75 हजार करोड़ रूपये के अतिरिक्त निवेश की योजना है जिससे निवेश के लिये अनुकूल परिस्थितियों वाले इस राज्य में समूह का कुल निवेश सवा लाख करोड़ रूपये से ज्यादा का हो जायेगा।

# कैट ने देश भर में इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट को अपनाने हेतु डिजिटल पेमेंट रेगुलेशन बोर्ड के गठन का दिया सुझाव

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महाराष्ट्र प्रदेश के महामंत्री एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया भारत को कम नकद उपयोग करने वाले देश को बनाने की दिशा में रिज़र्व बैंक द्वारा हाल ही में डिजिटल-ई-रुपया जारी करने से सरकार का यह इरादा स्पष्ट है की देश में नकद के चलन को बेहद कम किया जाए और इसी के मद्देनजर, कैट ने मास्टरकार्ड को अपने टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में बनाते हुए डिजिटल पेमेंट के मुद्दे पर एक राष्ट्रव्यापी अभियान " डिजिटल भुगतान से व्यापार आसान " कल नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार से शुरू किया गया जिसका उद्घाटन केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने किया तथा मध्य प्रदेश -छत्तीसगढ़ के सीजीएसटी, एक्साइज एवं कस्टम के चीफ कमिश्नर नवनीत गोयल, मास्टरकार्ड के पब्लिक पालिसी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रवि अरोरा सहित अन्य अनेक विशेषज्ञ भी शामिल हुए।कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा की व्यापारिक समुदाय को अपने वर्तमान व्यापार प्रारूप में डिजिटल-ई-रुपये के प्रभाव को समझना जरूरी है और यह भी जानना आवश्यक है की अब व्यवसाय में डिजिटल भुगतान को अपनाना और स्वीकार करना क्यों आवश्यक हो गया है। खासकर तब जब उपभोक्ता अपनी खरीदारी के लिए डिजिटल भुगतान को तेजी से अपना रहे हैं।इसी को बात को ध्यान में रखते हुए कैट ने यह अभियान शुरू किया है जो देश के सभी राज्यों में खासकर टियर 3 और टियर 4 शहरों में आक्रामकता के






साथ कांफ्रेंस, सेमिनार, वर्कशॉप आदि के जरिये चलाया जायेगा।इस राष्ट्रीय अभियान की श्रृंखला का श्री गणेश करते हुए केंद्रीय उपभोक्ता मंत्रालय के सचिव रोहित सिंह ने कहा की व्यापारी एवं उपभोक्ता एक दूसरे के पर्या यहैं और जिस तेज़ी से देश भर के ग्राहकों विशेष रूप से युवा वर्ग में ख़रीदी व्यवहार में डिजिटल तरीक़े से सामान ख़रीदने के परिवर्तन को देखते हुए व्यापारियों को अपने व्यापार में डिजिटल तकनीक को अपनाना ज़रूरी है। डिजिटल पेमेंट को अपनाये जाने से सिस्टम में पारदर्शिता आएगी और फिर नीतियाँ और बेहतर बन सकेंगी। उन्होंने यह भी कहा की टेक्नोलॉजी के विस्तार को कोई भी नहीं रोक सकता है और किसी भी हालत में देश के व्यापार को इससे अछूता नहीं रखा जा सकता है। डिजिटल पेमेंट के बहुत फ़ायदे हैं जिनसे व्यापारी अपने व्यापार में चाहे जितना विस्तार कर सकते हैं। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के सीजीएसटी, एक्साइज एवं कस्टम के चीफ कमिश्नर नवनीत गोयल ने कहा की व्यापारियों द्वारा डिजिटल पेमेंट अपनाने से उनके व्यापार की एकाउंटिंग स्वतः ही हो जाएगी क्योंकि डिजिटल पेमेंट के ज़रिए सभी लेन देन रिकॉर्ड होगा और व्यापार को सही अर्थों में बढ़ाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा की डिजिटल पेमेंट के अपनाये जाने से स्वाभाविक रूप से जीएसटी राजस्व में वृद्धि होगी और ऐसा होने पर आय कर की दरों में कटौती की संभावनाएँ मजबूत होंगी।कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक भुगतान पर लगने वाला चार्ज देश में डिजिटल भुगतान को तेजी से अपनाने में प्रमुख बाधाओं में से एक है और इसलिए सरकार को 5 साल के लिए डिजिटल पेमेंट पर लगने वाले चार्ज को हटाना चाहिए लेकिन चार्ज की यह राशि बैंकों को सीधे सब्सिडी के रूप में देनी चाहिए।दोनों व्यापारी नेताओं ने सेमिनार में यह भी कहा कि अगर सरकार डिजिटल भुगतान का उपयोग करने वाले व्यक्तियों और व्यावसायिक संस्थाओं के लिए एक व्यापक प्रोत्साहन नीति तैयार करनी चाहिए वहीं सरकार को एक डिजिटल भुगतान प्रोत्साहन बोर्ड बनाने का भी सुझाव दिया है जिसमें वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारियों और उपभोक्ताओं के प्रतिनिधि शामिल हो।खंडेलवाल ने याद दिलाया कि सरकार ने अगस्त, 2015 में एक प्रोत्साहन प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया था जिसमें कुछ कर लाभों और बैंकों द्वारा वसूले जाने वाले लेन-देन की लागत से छूट का उल्लेख है। सरकार से उक्त प्रस्तावों को लागू करने का आग्रह करते हुए कैट ने कहा कि डिजिटल भुगतान के माध्यम से व्यापार लेनदेन में भुगतान स्वीकार करने वाले दुकानदारों को प्रोत्साहन प्रदान करने का प्रस्ताव व्यापारियों को ई-भुगतान प्रणाली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। भारत के भुगतान परिदृश्य के संदर्भ में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि भारत में लगभग 97% ख़ुदरा लेनदेन नकद में किया जाता है जबकि केवल 11% उपभोक्ता भुगतान के लिए डेबिट कार्ड का उपयोग करते हैं और केवल 6% व्यापारी भारत में इलेक्ट्रॉनिक भुगतान स्वीकार करते हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 82% ग्राहक मोबाइल के माध्यम से लेनदेन करने के बारे में अनजान हैं जबकि लगभग 79% ग्राहक ऑनलाइन बैंकिंग के बारे में अनजान हैं। करीब 89 फीसदी व्यापारी डेबिट कार्ड के इस्तेमाल के पक्ष में हैं। इसलिए देश में डिजिटल पेमेंट के बारे में एक व्यापक अभियान चलाया जाना बेहद जरूरी है।

**महामंत्री : श्री शंकर ठक्कर**

यह हिन्दी साप्ताहिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - दिलीप नानजीभाई पटेल द्वारा 403, बिल्डिंग नं.1, रोशन नगर, एस.आर.ए, सी.एच.एस. लि. नियर गणेश मंदिर, ओशिविरा जोगेश्वरी (प्र) मुंबई 400102 से मुद्रित कर एस.आर. पब्लिकेशन एवं प्रिंटींग प्रेस, गाला नं.8/9/10, नीयर घरातन पाड़ा ऑपोजिट रामेश्वरम बिल्डिंग, वैशाली नगर लास्ट बस स्टोप टाईटल फ्रंट, दहिसर (पूर्व), मुंबई 400068 से प्रकाशित किया गया है। संपादकः दिलीप नानजीभाई पटेल, उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा RNI No. MAHHIN/2020/78591 Mob: 7666090910 / 9574400445 Email : mumbaitarang@gmail.com / pateldilipuk2014@gmail.com वाद-विवाद का क्षेत्र मुंबई होगा।